नई दिल्ली

बुधवार, 15 मई 2024

वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 34
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 45.0
न्यून. 31.0

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com










# पोर्टेबल अस्पताल भीष्म को किया एयरड्रॉप, एक साथ 200 लोगों का इलाज संभव

## वायुसेना ने पहली बार किया परीक्षण


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने बुधवार को आगरा में जहाज से पोर्टेबल हॉस्पिटल भीष्म को एयरड्रॉप किया। यह अपनी तरह का पहला ऐसा परीक्षण है, जिसमें एयर फोर्स ने जब हॉस्पिटल क्यूब्स को जहाज से नीचे गिराया।

आपातकालीन परिस्थितियों में ये पोर्टेबल हॉस्पिटल बेहद काम आ सकते हैं और इन्हें जहाज से एयरड्रॉप करके कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए प्रोजेक्ट भीष्म को स्वास्थ्य मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। भीष्म प्रोजेक्ट (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) के तहत न केवल भारत में, ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स में तमाम चिकित्सा सुविधाएं हैं**

**आपदाओं में त्वरित चिकित्सा प्रदान करने में सक्षम**



## धरती, आकाश और समुद्र में हो सकेगा इलाज

*भीष्म पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स में तमाम तरह की चिकित्सा सुविधाएं हैं। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इन्हें वायु, भूमि और समुद्र में आसानी से ले जाया जा सके। प्रत्येक क्यूब में सर्जिकल सुविधाएं, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी के देखभाल से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स का विकास और परीक्षण भारतीय वायु सेना, भारतीय स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और डिफेंस टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ने मिल कर किया है।*

**हर माहौल में मिलेगी सुविधा**

इस मोबाइल क्यूब हॉस्पिटल में 200 लोगों का इलाज किया जा सकता है। इन मॉड्यूलर मेडिकल यूनिट्स को दूरस्थ या आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तेजी से तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो चुनौतीपूर्ण माहौल में भी चिकित्सा सहायता देने में मदद करते हैं। इसे आपातकालीन मानवीय संकट के दौरान जरूरतमंद क्षेत्रों में चिकित्सा संसाधनों की तेजी से तैनाती कर सकता है।

### नामांकन के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार

# दशाश्वमेध घाट पर पूजा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती, पुष्य नक्षत्र में 'नमो' का नामांकन



पीएम मोदी ने लिखा-काशी के साथ मेरा रिश्ता अनूठा, अभिन्न और अतुलनीय है। मैं कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा विशेष रूप से मौजूद रहे।



*नामांकन के लिए एक डगर पर दिखे दिग्गज....*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर करीब एक दर्जन राज्यों मुख्यमंत्री, भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता और अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने सुबह गंगा के तट पर दशाश्वमेध घाट पर पूजा अर्चना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के ▶▶ शेष पेज 5 पर


**पीएम मोदी के पास कुल 3 करोड़ 2 लाख 6 हजार 889 रुपए की संपत्ति है।**

## पीएम मोदी के नामांकन में दिखी एनडीए की एकजुटता

पीएम के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, हरियाणा ▶▶ शेष पेज 5 पर




पीएम ने जिला अधिकारी से किया नमस्कार फिर भरा नामांकन



## अब उपभोक्ता अदालत नहीं जा पाएंगे क्लाइंट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि वकीलों की 'खराब सेवा' के लिए उपभोक्ता अदालत में केस नहीं चलाया जा सकता है। वकील उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं आते हैं। जस्टिस ▶▶ शेष पेज 5 पर







# आईटीओ पर आयकर विभाग की इमारत में आग से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



आईटीओ स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक सतेंद्र सिंह (41) कार्यालय अधीक्षक के तौर पर कार्यरत थे।

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों ने कहा कि दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुछ को मामूली चोट आई थी, जिन्हें पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। उधर शाहपुर जट इलाके में एक बिलड़िंग में आग लगने का मामला सामने आया है। आग में दो सिलेंडर फटे। किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा, हमें दोपहर 3 बजकर 7 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। कुल 21 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। मामले की जांच और व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय पुलिस को भी जानकारी दी गई। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर खड़े हुए दिखाई दिये हैं। दमकल कर्मियों ने लोगों को सीढ़ियों की सहायता से बाहर निकलने में मदद की। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, मुझे शाम 4 बजे सूचना मिली कि कुल सात लोगों, पांच पुरुष व दो महिलाओं को डीएफएस ने इमारत की तीसरी मंजिल से सुरक्षित बचा लिया है। एक शख्स की मौत हो गई। आग को पूरी तरह से बुझाने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे उन्होंने इमारत को खाली करा लिया। जहरीले धुएं के कारण दमकलकर्मियों को गैस मास्क का उपयोग करना पड़ा, लेकिन इमारत में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

## शाहपुर जट गांवः पांच मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के शाहपुर जट गांव इलाके में पांच मंजिला एक मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें फैलने लगी। फायर कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना सुबह सवा पांच बजे मिली। मौके पर सफदरजंग, मथुरा रोड, भीकाजी कामा प्लेस सहित अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली आधा दर्जन गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद 30 फायर कर्मियों की टीम ने आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। लेकिन इस दौरान दो सिलेंडर आग की चपेट में आकर ब्लास्ट होने की बात कहीं जा रही है। साफ्ट से आग ऊपरी मंजिल तक पहुंची थी। सुबह का समय होने के कारण फायर की गाड़ियां तुरंत पहुंच गई, जिससे बचाव हो गया। जो लोग ऊपर फंस गए थे वो समय पर बिल्डिंग से बाहर निकल गए थे।

## पासपोर्ट फर्जीवाड़े में शामिल पंजाब के दो एजेंट दबोचे



**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने पंजाब के दो एजेंटों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक यात्री की कनाडा यात्रा के लिए किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पासपोर्ट की व्यवस्था करने का आरोप है। यात्री को टोरंटो की यात्रा करने के लिये भेजा गया था। लेकिन उसके यात्रा दस्तावेजों की जांच के दौरान वह पकड़ा गया। मामला वर्ष 2019 का है। पंजाब में इनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। गिरफ्तार किये गये एजेंटों के नाम सपिंदर सिंह गांव-जारौठ, जिला-मोहाली, पंजाब और जगदेव सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी पटियाला हैं।

# हत्यारोपी 16 साल बाद गिरफ्तार

### पश्चिम बंगाल से खरीदकर युवती से करवाना चाहता था दिल्ली में देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 2007 में कालकाजी इलाके में हुई 22 साल की एक युवती की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को अरेस्ट किया है। आरोपी केस में 16 साल से फरार था। इसने युवती को पश्चिम बंगाल से 10 हजार रुपए में खरीदा था। वह उससे देह व्यापार करवाना चाहता था। लेकिन बीमारी की वजह से युवती तैयार नहीं थी। इसके बाद आरोपी ने उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद लाश लोहे के संदूक में बंद कर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार युवती का शव सड़ी-गली हालत में संदूक से बरामद किया गया था। साल 2007 में जमा किए गए किरायेदार सत्यापन फॉर्म पर लगे फोटो के आधार पर आरोपी का पता लगा था। एसीपी नरेश कुमार की टीम ने केस में वांछित आरोपी वीरेंद्र सिंह (57) को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी को भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। केस में शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी डीलर था। उसी ने कमीशन के बाद मकान किराये पर दिलवाया था। 7 जून को शिकायतकर्ता वीरेंद्र सिंह को दिए गए किराए के मकान पर गया। वहां ताला लगा हुआ था। घर के अंदर से दुर्गंध आ रही थी। इसलिए उसने पुलिस को फोन किया। दरवाजा खोलने के बाद घर में एक संदूक से शव मिला था। लोकल पुलिस आरोपी के सहयोगी शंकर घोष को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि वीरेंद्र सिंह फरार था। पुलिस को आरोपी के रोहिणी के विजय विहार इलाके में वीरेंद्र छिपा है। पुलिस ने छापा मारकर उसे दबोच लिया। आरोपी ने बताया कि वह चितरंजन पार्क इलाके में टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम करता था। इसी दौरान वह कुछ ऐसे लोगों के संपर्क में आया जो लड़कियों को खरीदकर देह व्यापार करवाते थे। 4 जून को हत्या के बाद वह कोलकाता भाग गया था। इसके बाद वह सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल और पानीपत में छिपकर रहा। वह 2019 में दिल्ली वापस आया और और विजय विहार, रोहिणी में रहने लगा। वर्तमान में आरोपी बिहार, पश्चिम बंगाल और भारत के अन्य हिस्सों से आई युवा लड़कियों को दिल्ली में घरों में काम दिलवाने वाले कमीशन एजेंट के रूप में काम कर रहा था।

# तिहाड़ व चार अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली





सभी जगह जांच पड़ताल की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली की तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। जेल प्रशासन को इस संबंध में ईमेल किया गया था। बम की धमकी के बाद जेल प्रशासन अलर्ट हो गया है।

सूचना दिल्ली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंच कर पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम ने लंबा सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस का कहना है कि जांच में कुछ नहीं मिला। इसके अलावा राजधानी के चार अस्पतालों को भी मंगलवार सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे दो दिन पहले करीब 20 अस्पतालों, हवाई अड्डे और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी भरे ईमेल भेजे गये थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार और दीपचंद बंधु अस्पताल को बम की धमकी वाले ईमेल मिले। बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन कर्मी और स्थानीय पुलिस तलाशी लेने के लिए मौके पर पहुंची। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी के मुताबिक, कॉल आने का सिलसिला सुबह 10.45 बजे शुरू हुआ। सबसे पहले उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार स्थित दीपचंद बंधु अस्पताल से दिल्ली अग्निशमन विभाग को पहली कॉल आई। अधिकारियों के अनुसार, दूसरी कॉल सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के डाबरी स्थित दादा देव अस्पताल से, तीसरी कॉल सुबह 11 बजकर एक मिनट पर पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार स्थित हेडगेवार अस्पताल से और चौथी कॉल सुबह 11 बजकर 12 मिनट पर पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित जीटीबी अस्पताल से आई। सभी जगह जांच पड़ताल की गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

**IndusInd Bank** Office address: C-53, Kiran Tower, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad (U.P.) 201002

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on **"AS IS WHERE IS BASIS"** Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Make Model Variant | Reg. No |
|---|---|---|---|
| DAA01391D | N HUKUM DEV | ASHOK LEYLAND 1815 HE BS6 FBT | UP83CT8240 |
| DAA01414L | K RAVI KUMAR | MAHINDRA BOLERO MAXI TRUCK PLUS BS-IV | UP82T0823 |
| DAB00582L | CHETAN PRATAP | TATA LPT 1512 / 48 BS VI | UP13BT9643 |
| DAB00741L | A JAFAR | TATA LPT 1512/42 WB CBC BS 6 | UP13CT4699 |
| DAB00800L | C NANAK | ASHOK LEYLAND DOST CNG BS6 | DL1LAJ4384 |
| DAB00807L | J MOHD | TATA LPT 1512 CNG 22FT CBC BS6 | UP13CT8076 |
| DAL01276D | K BANTI | TATA LPT 2518 TRUCK | UP81BT7587 |
| DAL02469L | K MANOJ | BOLERO MAXX C3T PS LX BS6 | UP16LT0317 |
| DAM00911L | RIDANSH TEXTILES | TATA 1512 LPT DCR 48HSD BSVI | UP85CT2403 |
| DAM00937L | R SURESH CHANDRAAGRAWAL | FORCE TRAVELLER 11STR+D | UP85AT6596 |
| DAP00184D | S SHANKAR | TATA LPT 2818 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | HR55AN9934 |
| DAP00212D | K SALMAN | TATA LPS 4018 BS3 | RJ11GC3111 |
| DAP00284D | S SHANKAR | ASHOK LEYLAND 2518XL H SR 6600MM WB BSIV | UP14HT5460 |
| DDA00604D | S MUKESH | ASHOK LEYLAND GA1920 4750 WB 200HP BS VI | UP17AT9755 |
| DDA01761L | B NAWAB ALI | AL E-COMET 1214 IL H SERIES | UP14HT0786 |
| DDA02029L | B NAWAB ALI | EICHER PRO 11.14 HSD | UP14FT8093 |
| DDA02702L | J TARUN | EICHER PRO 2114XP 22FT HSD BS6 CNG P | UP14KT8519 |
| DDS00365L | J INAM | MAHINDRA BOLERO PICK UP CBC 2WD BS IV | UP11BT1412 |
| DDS00701L | A ARSHAD | AL DOST PLUS LX FSD BS6 | UP11CT0640 |
| DHA00247L | K PRAMOD KUMAR | M&M BOLERO MAXI TRUCK PLUS 1.2T BSIV | UP86T8768 |
| DMM01868L | K MOIN | ASHOK LEYLAND DOST PLUS LX FSD BS VI | UP15FT6398 |
| DNB00048D | J RAHUL KUMAR | TATA LPT2518TC FBV | HR55Y6480 |
| DUH00082L | S MANJEET SINGH | TATA LPT1412/42 CRX BS IV | UK08CB0221 |
| HDD00742D | K PRAMOD | AL 3118 SUPER 8X2 HAUL 5350 MM (210"")WB | UP11BT6648 |
| HDD00969D | R SIKANDRA | TATA LPT 1815 42 HSD BS6 | UK07CD2584 |
| UHH00575L | S S TRANSPORT COMPANY | AL DOST STRONG LS FSD CNG BS6 | UK06CB8485 |
| UHH00596L | S KAMAL | ASHOK LEYLAND BADA DOST I4 LS BS VI | UK19CA1030 |
| UHM01525D | A HASMUDDEEN | EICHER PRO3019 BS6 20FT FULLY BUILT TRUC | UP23AT3134 |
| ULY01596L | R DHANI | TATA INTRA V50 BS6 | UP26T9585 |
| UYN00040D | S NARESH SINGH | EICHER PRO 5019 K HSD TRUCK 20 FT BSIV | UP24T8922 |
| AA3C77927 | J Mohd Jaseem Akhtar | RENAULT KWID RXT MT | UK07BQ1251 |
| DAF00482C | J ARPIT | MARUTI S-PRESSO VXI + BS VI | UP83BC2213 |
| DAF00574C | S DEVENDRA SINGH | HONDA AMAZE 1.2 EMT | UP86T9440 |
| DAF00663C | S JITENDRA | MARUTI SWIFT VDI 1248 CC BS III | HR29AG1088 |
| DAL01663C | D URMILA | MARUTI OMNI E MPI STD 796CC BS IV SOLID | UP86Y9915 |
| DAL02982C | K ANAND | M G ASTOR SHARP 1.5 MT BS VI | UP81CW9150 |
| DAM02751C | S ANIL | MARUTI ERTIGA VXI BS IV | UP14HT2583 |
| DAM02853C | S JITU | MARUTI EECO 7 STR STD (O) BS VI | UP85CT7546 |
| DAM03011C | V RAVENDRA PRASAD | MARUTI CELERIO ZXI 1L 5MT BS VI | UP85CC8491 |
| HDD02079C | C PANKAJ KUMAR | MARUTI DZIRE LDI TOUR 1248CC BS IV | UK14TA1609 |
| HDD02173C | A VAKAR | HYUNDAI VENUE 1.5 SX DIESEL BS VI | |
| HDD02886C | M JAMEEL | RENAULT TRIBER RXT PETROL 1.0L MT BS VI | |
| UHH01609C | R NIRMAL KUMAR | MARUTI CELERIO X ZXI BS IV | UK04TB1621 |
| UHM04384C | M FAHEEM | MARUTI EECO 7 SEATER W/O AC 1196CC | UP83AP1562 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**PLACE : GHAZIABAD** **Contact Person : Manish Agarwal, Mob.No: 9791015623**

## सीलमपुर में कारोबारी से लूटपाट करने वाले दो धरे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल ने दो लुटेरों को अरेस्ट किया है। इनके पास से लूटी गई स्कूटी और 4 लाख 19 हजार 500 रुपये कैश बरामद हुआ। इन्होंने सीलमपुर इलाके में एक कारोबारी से लूटपाट की थी। एडिशनल सीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि 5 मई की शाम एक व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस वारदात में शामिल अपराधियों के बारे में जानकारी जुटायी गई। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने क्राउन प्लाजा होटल, भजनपुरा के पास ट्रैप लगाया और एक आरोपी को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसकी पहचान मुजक्किर शादमान के रूप में हुई। वह न्यू सीलमपुर का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि भूरे चौधरी और उजैर के साथ मिलकर स्कूटी और साढ़े पांच लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया था। आरोपी भूरे चौधरी को सराय काले खां से पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर लूटी गई एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई। भूरे चौधरी लोनी, गाजियाबाद का रहने वाला है।

## दुकान में पाड़ देकर लाखों की जूलरी ले उड़े चोर

**नई दिल्ली।** कोतवाली इलाके में एक ज्वैलरी शॉप में फिल्मी स्टाइल में चोरी की गई। इस वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाशों ने बगल वाली खाली दुकान से दीवार तोड़ी। पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक दरीबा कलां की एक ज्वैलरी शॉप में चोरी के संबंध पीसीआर प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर गया था। 13 मई को जब उसने अपने पिता के साथ दुकान खोली तो पता चला कि बगल की दुकान से दीवार में पाड़ दी गई है। वहां पर काफी मलबा भी पड़ा मिला। उन्होंने दुकान के सामान की जांच की तो पाया कि चांदी की ज्वैलरी चोरी हुई हैं। इसके बाद पुलिस ने अपराध स्थल की फोरेंसिक जांच की और चोरी का केस दर्ज किया। पीड़ित का कहना है दुकान से एक लाख कैश और 10 से 12 किलो चांदी चोरी हुई है। बदमाशों को ज्वैलरी की भी पहचान थी। वह नकली ज्वैलरी मौके पर ही छोड़ और असली ले गए। पुलिस के रड़ार पर दुकान के कर्मचारी भी है। शक है कि बिना किसी जानकार के मिलीभगत के वारदात करना मुश्किल है।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 143 दिनांक 11.05.24 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी जिला रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** पूजा
**पिता/पति का नाम -** पुत्री विजय पाल
**पता-** गांव खरावड जिला रोहतक।
**उम्र-** 17 वर्ष
**कद-** 5 फुट
**हुलिया-** रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे,।
**पहनावा -** मेहंदी रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 11.05.24 को पूजा पुत्री विजयपाल निवासी गांव खरावड जिला रोहतक थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक-9416935473

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**


**अभियोग संख्या 159 दिनांक 12.05.24 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** योगेश
**पिता/पति का नाम -** पुत्र ईन्द्रपाल
**पता -** ए/12/डी रिठाला रोड बुद्ध विहार फेस 01 आरोडा स्टोर दिल्ली हाल मजदूर सिल्क ब्रिक फैक्टरी सांपला रोहतक।
**उम्र-** 24 वर्ष
**कद-** 5 फुट 10 इंच
**हुलिया-** रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे,
पहनावा - आसमानी रंग की शर्ट व नीले रंग की जीन्स पहने व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 12.05.24 को योगेश पुत्र ईन्द्रपाल निवासी ए/12/डी रिठाला रोड आरोडा स्टोर दिल्ली हाल मजदूर सिल्क ब्रिक फैक्टरी सांपला रोहतक अपने रूम से बिना किसी को बताए अपने चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9050168169

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 137 दिनांक 11.05.24 धारा 346 IPC थाना सदर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** रविन्श
**पिता/पति का नाम -** पुत्र सतीस
**पता -** गांव मकडौली कला जिला रोहतक।
**उम्र-** 26 वर्ष
**कद-** 5 फुट 5 इंच
**हुलिया-** रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, राईट लैग पर कट का निशान काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा-** नीली रंग की टी शर्ट व काले रंग की लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 11.05.24 को रविन्श पुत्र सतीश निवासी गांव मकडौली कलां जिला रोहतक थाना सदर रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9991309543

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**


**अभियोग संख्या 160 दिनांक 12.05.24 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** मोहित
**पिता/पति का नाम –** पुत्र ऋषि प्रकाश
**पता -** गांव भैसरु कलां जिला रोहतक।
**उम्र-** 35 वर्ष
**कद-** 5 फुट 7 ईंच
**हुलिया-** रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, दाहिने हाथ पर MK लिखा हुआ ।
**पहनावा -** हल्की नीला शर्ट, नीले रंग की जीन्स व पैरों में चमडे के जूते पहने हुए है।
दिनांक 12.05.24 को मोहित पुत्र ऋषि प्रकाश गांव भैसरु कलां जिला रोहतक थाना सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466232567

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 138 दिनांक 11.05.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सानिया
**पिता/पति का नाम –** पुत्री जोगिन्द्र
**पता -** गांव किलोई दौपाना जिला रोहतक।
**उम्र-** 18 वर्ष
**कद-** 04 फुट 06 ईंच
**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, 05 वीं पास ।
**पहनावा -** लाल रंग का सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 11.05.24 को सानिया पुत्री जोगिन्द्र निवासी गांव किलोई दौपाना जिला रोहतक थाना सदर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 8222018100

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 276 दिनांक 12.05.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** सीमा
**पिता/पति का नाम –** पत्नी बुद्धी प्रसाद
**पता-** गांव कन्हैली जिला रोहतक।
**उम्र-** 35 वर्ष
**कद-** 5 फुट 2 इंच
**हुलिया-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, ।
**पहनावा -** लाल रंग का जमफर व सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए ।
दिनांक 12.05.24 को सीमा पत्नी बुद्धी प्रसाद निवासी गांव कन्हैली जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9306160156

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 273 दिनांक 11.05.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** खुशी
**पिता/पति का नाम –** पुत्री जोगिन्द्र
**पता -** गांव सुनारिया जिला रोहतक।
**उम्र-** 17 वर्ष
**कद-** 5 फुट 3 ईंच
**हुलिया-** रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे,
**पहनावा -** सफेद रंग की टी-शर्ट, नीले रंग की लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 11.05.24 को खुशी पुत्री जोगिन्द्र निवासी गांव सुनारिया जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8307709978

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 277 दिनांक 12.05.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम-** अंजली
**पिता/पति का नाम –** पत्नी मंजीत
**पता-** गांव सुनारियां कला जिला रोहतक।
**उम्र-** 27 वर्ष
**कद-** 5 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग गोरा, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, ।
**पहनावा-** हरे रंग का सूट व सलवार व पैरो में चप्पल पहने हुए ।
दिनांक 12.05.24 को अंजली पत्नी मंजीत निवासी गांव सुनारियां कला जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी अपने 04 साल के बेटे ईयान को साथ लेकर बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416230230

पीआरडीएच-1084/11/2353/2025/26296/88/7 दि. 14.05.24

**खबर संक्षेप**

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व पार्षद और कई नेता : सचदेवा

**नई दिल्ली।** देश के अंदर नरेन्द्र मोदी के प्रति समर्थन की हवा चल रही है और दिल्ली उससे अछूता नहीं है। आज जो साथी भाजपा में शामिल हो रहे हैं वे सभी चुनाव लड़ चुके हैं और उनके साथ लोगों का अच्छा समर्थन रहा है। इसलिए इनके आने से भाजपा और मजबूत होगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्वी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में मंगलवार को शामिल हुए कई नेताओं के बीच यह संबोधन दिया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी से पूर्व पार्षद रेखा दीक्षित, उनके पति 'आप' कृष्णा नगर के संयोजक श्रवण दीक्षित, कांग्रेस नेता सुशील तिवारी और 2022 के निगम चुनावों की स्वतंत्र प्रत्याशी क्षमा अग्रवाल अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। यहां सचदेवा और हर्ष मल्होत्रा ने अन्य पार्टियों से आये नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें भाजपा का पटका ओढ़ाकर भाजपा में शामिल किया। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में जनता दल यूनाइटेड के दिल्ली प्रदेश लीगल सेल के अध्यक्ष चौधरी जसराज सिंह ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

### कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए दो रोड शो करेंगे केजरीवालः देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों के पक्ष में मुख्यमंत्री व आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल जल्द ही दो रोड शो करने जा रहे है। उन्होंने बताया कि सीएम केजरीवाल कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों के पक्ष में एक रोड शो मॉडल टाउन में और दूसरा रोड शो जहांगीरपुरी में किया जाएगा। यादव ने बताया कि चांदनी चौक से गठबंधन के तहत कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डा० उदित राज चुनाव लड़ रहे है। जबकि शेष चार सीटों पर आम आदमी पार्टी के 4 उम्मीदवार खड़े है।

### कन्हैया कुमार ने कई क्षेत्रों में मांगे वोट

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र ये इंडिया गठबंधन व कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने कई क्षेत्रों में जनसंपर्क किया और अपने लिए वोट मांगे। कन्हैया कुमार ने गोकुलपुरी में एक शिव मंदिर में जलाभिषेक भी किया। कुमार ने मंगलवार को गोकुलपुर के लाल मंदिर से अपनी पदयात्रा शुरू की जिसके तहत बैंक कॉलोनी, सबोली गांव, अमर कॉलोनी, गंगा विहार मेन रोड होते हुए शनि बाजार चौक पर समापन हुआ। कांग्रेस की इस पदयात्रा में विधायक सुरेंद्र कुमार, हर्ष विहार से पार्षद निर्मल, सबोली वार्ड पार्षद यशवंत , गोकुल पुर के वार्ड पार्षद बलराज, जौहरीपुर वार्ड से पार्षद रोशन लाल सागर सहित कांग्रेस व गठबंधन सहयोगी दल आप के अनेक नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं शाम के समय सीमापुरी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया गया।

महापौर ने किया सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद, तो विपक्ष ने लगाए नारे

# मालीवाल के आरोपों पर एमसीडी सदन में हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन बैठक पूर्ववर्ती सदन बैठकों की तरह मंगलवार को भी हंगामेदार रही और करीब दो मिनट में ही महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने सदन बैठक को स्थगित कर दिया। बता दें कि करीब पौना घंटा देरी से सदन बैठक में पहुंची महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने आसन संभालने के बाद जैसे ही सदन बैठक की अध्यक्षता शुरू की और कहा कि मैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहूंगी तो विपक्ष में बैठे पार्षद महापौर आसन के पास आ गए और नेता विपक्ष राजा इकबाल के नेतृत्व में नारेबाजी शुरू कर दी। स्वाति मालीवाल मामले में नारेबाजी करते हुए भाजपा पार्षदों ने कहा कि महिला का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। इसके साथ ही दलित महापौर को कुर्सी पर बैठाओ, दलित विरोधी केजरीवाल, इस्तीफा दो इस्तीफा दो, नारे लिखी तख्तियों को लेकर विरोध जताया। सदन में विपक्ष के पार्षदों ने केजरीवाल सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की, इसे देखते हुए महापौर ने बैठक स्थगित कर दी।



### सिर्फ हंगामा करने सदन बैठक में आते हैं भाजपा पार्षद : ओबरॉय

महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि सदन के अंदर भाजपा के पार्षद सिर्फ हंगामा करने आते हैं और किसी भी मुददे पर चर्चा नहीं होने देते हैं। महापौर ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले एक-डेढ़ साल से भाजपा स्थायी समिति, अन्य समितियों और वार्ड समितियां नहीं बनने दे रही है। उन्हें जनता के किसी भी काम से कोई लेना देना नहीं है, केवल हंगामा खड़ा करना ही उनका कार्य रह गया है।

### ये गलत व्यवहार सिर्फ स्वाति के साथ नहीं हुआ, बल्कि दिल्ली की महिलाओं के साथ हो रहा है : इकबाल

नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सोमवार को सीएम आवास में हुए दुर्व्यवहार को लेकर निंदा प्रस्ताव लाए हुए थे, लेकिन जैसे ही महापौर शैली ओबरॉय की इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने खुद कार्रवाई स्थगित कर दी। उन्होंने कहा कि सीएम आवास में स्वाति मालीवाल के साथ जो हुआ वह निंदनीय है। ये गलत व्यवहार सिर्फ स्वाति मालीवाल के साथ नहीं हुआ, बल्कि दिल्ली की महिलाओं के साथ हो रहा है। इस तरह का व्यवहार किसी भी महिला के साथ होता है तो भाजपा उसके खिलाफ आवाज उठाएगी और इसी मामले में भाजपा एमसीडी में निंदा प्रस्ताव लेकर आई थी लेकिन बैठक स्थगित करने से आम आदमी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है।

## स्वाति मामले में केजरीवाल गंभीर दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश : सिंह



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बदसलूकी के मामले की आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को निंदा की। संजय सिंह ने प्रैसवार्ता में कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ बदतमीजी बेहद ही निंदनीय है। उन्होंनेकहा कि सोमवार को एक बहुत ही निंदनीय घटना घटी। स्वाति मालीवाल सोमवार सुबह अरविंद केजरीवाल के आवास पर मिलने के लिए पहुंची थीं। वो ड्राइंग रूम में बैठ कर इंतजार कर रही थीं। इस बीच सीएम के निजी सहायक विभव कुमार वहां आते हैं और उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ बदतमीजी और अभद्रता की। स्वाति मालीवाल ने इस पूरे मामले की जानकारी 112 नंबर पर कॉल करके दिल्ली पुलिस को दी। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पूरी घटना को संज्ञान में लिया है और इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई करने के कहा है। स्वाति मालीवाल ने देश और समाज के लिए बड़े काम किए हैं। वो पार्टी की पुरानी और सीनियर लीडर्स में से एक हैं। हम सब उनके साथ हैं। इस पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री ने निश्चित रूप से गंभीरता से संज्ञान मे लिया है और इसपर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ऐसे लोगों का बिल्कुल समर्थन नहीं करती है।

### स्वाति मामले पर चुप्पी साधना, आप की मानसिकता को है दर्शाता : सचदेवा



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में हुई घटना पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सोमवार हुई घटना पर अभी तक चुप्पी साधना आम आदमी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। इस पूरे मामले में संजय सिंह का बयान कि हम घटना का संज्ञान लेंगे, काफी शर्मसार करने वाला है क्योंकि एक महिला के साथ बदतमिजी होती है, उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और अभी भी आम आदमी पार्टी के नेता इस घटना पर विचार करने की बात कर रहे हैं। जबकि एक महिला के साथ मारपीट होने के बाद सोचने की बजाय अब तक गिरफ्तारी करवा देनी चाहिए थी। सचदेवा ने कहा कि यह तो सिर्फ छोटी मछली को फंसाने की बात कर रहे हैं, लेकिन आखिर इस घटना के लिए उकसाया किसने, कारण क्या थे, इन सभी सवालों के जवाब अरविंद केजरीवाल को सामने आकर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास सिर्फ घटनाओं के लिए चर्चित है, पूर्व मुख्य सचिव के साथ हुई घटना हो या फिर सोमवार स्वाति के साथ, यह आम आदमी पार्टी का उन्मादित चरित्र है, जो अब सबके सामने है।

# आम आदमी पार्टी ने वॉशिंग मशीन का काला जादू अभियान किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी (आप) ने आम आदमी को देश के हालात को लेकर जागरूक करने के मकसद से मंगलवार को पार्टी कार्यालय से वाशिंग मशीन का काला जादू अभियान शुरू किया। इस दौरान आप नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ ने डेमो भी दिखाया कि किस तरह भाजपा की वाशिंग मशीन में भ्रष्टाचारियों के दोष धुल जाते हैं। अभियान की शुरुआत पर आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दावा कर रही है कि वह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि लेकिन हम लोगों को इन दावों की सच्चाई के बारे में बताएंगे। भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे अजित पवार, अशोक चव्हाण और हिमंत विश्व शर्मा जैसे नेताओं को पार्टी में शामिल करने को लेकर विपक्षी दल भाजपा के लिए अक्सर वॉशिंग मशीन शब्द का इस्तेमाल करते हैं। मशीन कैसे काम करती है, इसका डेमो दिखाकर कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि कैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों को वॉशिंग मशीन में डालकर उनको क्लीन किया जाता है। लोगों को भाजपा के वॉशिंग मशीन का काला जादू दिखाने के लिए स्टेज पर एक तरफ बड़ी सी वॉशिंग मशीन रखी गई थी और दूसरी तरफ बड़ा सा जेल बनाया गया था। जो लोग भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हो गए, उनको ईडी ने वॉशिंग मशीन में डाल दिया और जिन्होंने समाज सेवा से पीछे हटने से इन्कार कर किया, उनको जेल में डाल दिया। इस दौरान हिमंता बिश्वा सरमा, अजीत पवार और अशोक चौव्हान का डेमो दिखाया गया कि कैसे वॉशिंग मशीन में घुलने के बाद अब ईडी-सीबीआई उनको परेशान नहीं करती है। दूसरी तरफ, दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने वाले मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने उनकी बात नहीं मानी तो कैसे फर्ज़ी मामले बनाकर उनको जेल भेज दिया गया।

■ पार्टी कार्यालय पर आप नेता और मंत्री सौरभ ने दिखाया डेमो

### आतिशी ने अपनी विधानसभा में सभाएं कर आप के लिए मांगा समर्थन



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ आप नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को अपनी विधानसभा कालकाजी के विभिन्न इलाकों में सभाएं कर दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी सहीराम पहलवान के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में वादे तो सभी नेता करते हैं लेकिन उनको पूरा करना सिर्फ केजरीवाल को आता है। आतिशी ने कहा कि, देश के लोगों ने लगातार 2 बार केंद्र में भाजपा को चुना लेकिन भाजपा लोगों को जुमले देने के अलावा और कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जब सत्ता में आई तो महंगाई कम करने का वादा किया लेकिन पिछले 10 सालों में महंगाई कम होने के बजाय बढ़ती गई। आज 300 रुपये का गैस-सिलेंडर 1200 का मिल रहा है। पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही है। रोज़मर्रा की ज़रूरतों के सामान की कीमतें भी आसमान छू रही है। आम आदमी के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई चरम पर है।

# भाजपा स्टार प्रचारकों ने की जनसभाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा के स्टार प्रचारकों ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए जनसभाओं में शामिल हुए। मंगलवार को भारतीय ग्रामीण परिषद द्वारा बापडोला गांव में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के सम्मान के लिए आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में दिल्ली प्रभारी एव पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री हरियाणा, औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मोदी सरकार ने ग्रामीण विकास, किसान, महिला, गरीब, युवा वर्ग के हित में नीति बनाकर लागू की हैं। ग्रामीण क्षेत्र में हर घर नल से जल पहुंचाया। हर घर शौचालय बनवाए, स्वच्छ भारत ग्रामीण अभियान चलाया, किसान की बीज से बाजार तक की चिंता मोदी सरकार ने की, इसलिए आज ग्रामीण परिवेश बदला है। धनखड़ ने दावा किया है कि उनके आहवान पर भारतीय ग्रामीण परिषद ने भाजपा का समर्थन करने का ऐलान किया है। मंगलवार को भारतीय ग्रामीण परिषद ने बापडोला गांव में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ और पश्चिमी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत का जोरदार स्वागत किया और मोदी के साथ चलने का संकल्प लिया। परिषद के अध्यक्ष पूर्व वाइस चांसलर प्रो आर एस सोलंकी ने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षो में ग्रामीण विकास के साथ साथ ग्रामीण प्रतिभा को आगे बढ़ाने का काम किया है। दिल्ली प्रभारी औम प्रकाश धनखड़ ने भारतीय ग्रामीण परिषद का धन्यवाद करते हुए कहा कि मोदी के साथ चलने के आपका बड़ा ही व्यापक प्रभाव डालने वाला सुंदर निर्णय है। आपका निर्णय भारत को सशक्त बनाने का निर्णय है, आपका निर्णय ग्रामीण प्रतिभा को आगे बढ़ाने का निर्णय है।

### मध्य प्रदेश की धरती पर आज बेटी लखपति : शिवराज



मध्य प्रदेश की धरती पर आज बेटी लखपति पैदा होती है क्योंकि हमने लाडली लक्ष्मी योजना लागू की। यह सिर्फ भाजपा सरकार है जिसने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं जैसी पहल चलाकर देश की बेटियों को सम्मान देने का काम किया है और यदि दिल्ली की महिलाएं मध्य प्रदेश और अन्य भाजपा शासित राज्यों जैसी महिला उत्थान योजनाओं का लाभ चाहती हैं तो दिल्ली में पहले लोकसभा में फिर विधानसभा में भाजपा की सरकार चुनें। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली के भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में नेहरू पार्क, नवीन शाहदरा में विशाल महिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा से पहले की देश में जिनकी सरकार थी उस वक्त बेटा-बेटियों में अंतर पैदा कर समाज में एक लिंगानुसार अंतर पैदा करने का काम किया। इस अवसर दिल्ली भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे, लोकसभा चुनाव प्रभारी विष्णु मित्तल, नवीन शाहदरा भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी, महिला मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज आदि उपस्थित थे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है चाहे अपनी योजना के माध्यम से या फिर अपनी नीतियों के माध्यम से। महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम मोदी सरकार ने किया है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा लक्ष्मी नगर जनसभा में संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक अभय वर्मा, दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष लता गुप्ता, शाहदरा जिला अध्यक्ष संजय गोयल ने हेमन्त बिस्वा सरमा का स्वागत किया।

अप्रैल में दर्ज हुई थी 419 शिकायतें, इनमें से 88 अभी तक पड़ी लंबित

# पीडब्ल्यूडी में स्ट्रीट लाइट के संबंध में इस माह दर्ज हुई 252 शिकायतें, 143 लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग में मई के इस माह में अब तक स्ट्रीट लाइटों के संबंध में 252 शिकायतें दर्ज हुई है। इनमें से अभी 143 शिकायतें लंबित पड़ी हैं। अगर पिछले महीने की अप्रैल की बात करें तो स्ट्रीट लाइटों के संबंध में 419 शिकायतें दर्ज हुई है इनमें से 88 शिकायतें अभी तक लंबित पड़ी हुई हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के ऑनलाइन शिकायत सिस्टम के डाटा के अनुसार इस माह आने वाली अन्य शिकायतों की बात करें तो खुले होलों के संबंध में इस माह अब तक 143 शिकायतें आई हैं। इनमें से 21 शिकायतें लंबित हैं। वहीं सीवर संबंधी 214 शिकायतें दर्ज हुई इनमें 143 शिकायतें लंबित हैं। रोड से संबंधित शिकायतों की बात करें इस माह 219 शिकायतें दर्ज हुई इनमें से 143 शिकायतें लंबित हैं। वहीं बागवानी से संबंधित 440 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से 290 शिकायतें अभी तक हल नहीं हुई हैं। अगर पिछले महीने अप्रैल की बात करें तो स्ट्रीट लाइटों के संबंध में 419 शिकायतें पीडब्ल्यूडी के ऑनलाइन शिकायत सिस्टम से दर्ज हुई। इनमें से 88 शिकायतें लंबित हैं। वहीं सीवर से संबंधित 372 शिकायतें दर्ज हुई इनमें से 39 शिकायतें लंबित हैं। वहीं रोड से संबंधित 405 शिकायतें दर्ज हुई इनमें से 82 शिकायतें लंबित हैं। वहीं होल से संबंधित अप्रैल महीने में 264 शिकायतें दर्ज हुई इनमें 37 शिकायतें लंबित हैं। वहीं बागवानी से संबंधित 367 शिकायतें दर्ज हुई इनमें से 137 शिकायतें लंबित हैं। वहीं पीडब्ल्यूडी के ऑनलाइन शिकायत सिस्टम पर अन्य विभागों की दर्ज शिकायतों की बात करें तो मई माह में एनडीएमसी की 15 शिकायतें, डीडीए की 24, दिल्ली छावनी बोर्ड की 1, शिकायतें दर्ज हुई। हैरत की बात यह है कि पीडब्ल्यूडी का ऑनलाइन शिकायत सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार दर्ज अन्य एजेंसियों दिल्ली छावनी बोर्ड, डीडीए और एनडीएमसी की शिकायतों को निस्तारण तुरंत हो रहा है। पिछले माह की बात करें तो दिल्ली छावनी बोर्ड में एक शिकायत, एनडीएमसी में 29 और डीडीए में 72 शिकायतें दर्ज हुईं और सभी शिकायतों का निस्तारण भी कर दिया गया है।



### मुंबई हादसे से सबक लेकर एमसीडी ने जारी की सलाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने मुंबई में आंधी के कारण होर्डिंग गिरने की घटना को देखते हुए अपने एमसीडी में कार्यरत सभी विज्ञापनदाता/ठेकेदार को संरचनात्मक ऑडिट करने की सलाह जारी की है। निगम के विज्ञापन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जारी सलाह में कहा गया है कि सोमवार को मुंबई में आंधी-तूफान के कारण होर्डिंग गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान माल की हानि हुई। इसे देखते हुए निगम के विज्ञापन विभाग के पैनल में शामिल सभी विज्ञापनदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने यूनिपोल/विज्ञापन संरचनाओं का संरचनात्मक ऑडिट तुरंत कराएं और यदि आवश्यक हो तो उन्हें ठीक करें। वहीं, बता दें कि नियमानुसार ठेका विज्ञापन कंपनियों को विज्ञापन संरचना की स्थापना पर ही संरचनात्मक स्थिरता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है ताकि कोई हादसा नहीं हो सके। इसके साथ ही मानसून को देखते हुए भी विज्ञापनदाता व संबंधित ठेकेदारों को सलाह जारी की गई है। वहीं, विज्ञापन विभाग की तरफ से कहा गया है कि सलाह जारी होने के बाद तीन दिन में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### गर्मी बढ़ने से कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित, डीजेबी का दावा सामान्य हो रही आपूर्ति

नई दिल्ली। दिल्ली में जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे ही कई क्षेत्रों में पीने के साफ पानी की आपूर्ति गड़बड़ा रही है। बावजूद इसके दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) का दावा है कि राजधानी में मामूली कमी को छोड़कर आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। डीजेबी के दावे के उलट दिल्ली के बुराड़ी, कादीपुर, प्रेम नगर, जहांगीरपुरी, हैदरपुर, बादली, नांगलोई, ख्याला, उत्तम नगर की कई कॉलोनियां, नजफगढ़ की कई अनधिकृत कॉलोनियां, गोयला डेयरी, पालम, द्वारका के कुछ क्षेत्र, बदरपुर, ओखला, खानपुर, संगम विहार क्षेत्र की अधिकांश कॉलोनी, करावल नगर, सीलमपुर, दुर्गा पार्क, खजूरी खास, बलजीत नगर आदि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं का कहना है कि पीने की पानी की आपूर्ति गड़बड़ा रही है।

# 16 व 18 मई को 85 से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाता अब घर बैठकर कर सकेंगे मतदान

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 16 व 18 मई को 85 प्लस आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग करवाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन 85 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था, उनके घर जाकर वोट डलवाए जाएंगे। लघु सचिवालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाई गई। विस्तार से यूनिट रेंडेमाईजेशन की जानकारी दी।

ईवीएम प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन के अंतर्गत 2103 बीयू तथा 218 सीयू और 227 वीवीपैट की रेंडेमाईजेशन की गई। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के साथ चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को भी मतदान का अवसर मिलेगा, जिसके लिए कर्मियों इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट इडीसी प्रदान किये गये हैं। ऐसे में यदि कहीं पर शत-प्रतिशत मतदान होता है तो इडीसी मतदान को मिलाकर उसमें बढ़ोतरी होगी।

> राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बीयू-सीयू तथा वीवीपैट की सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन करवाई गई। उन्होंने विस्तार से यूनिट रेंडेमाईजेशन की जानकारी दी। ईवीएम प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडेमाईजेशन के अंतर्गत 2103 बीयू तथा 218 सीयू और 227 वीवीपैट की रेंडेमाईजेशन की गई।



### किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें राजनीतिक दल

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा मतदाताओं से अपील भी की कि वे किसी किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। हर खबर की प्रामाणिकता अवश्य जांचें। साथ ही उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिए दो दिन निर्धारित किये गए हैं। पहला दिन 16 मई है। इस दिन आवेदन करने वाले 85 प्लस तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान का अवसर दिया जाएगा। जो मतदाता पहले दिन मतदान नहीं कर पाएंगे उनको 18 मई को दोबारा मतदान का मौका दिया जाएगा। होम वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टी को माइक्रो ऑब्जर्वर तथा पुलिस के साथ दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं के घर भेजा जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रह सकते हैं।

#### सभी अफसर रहे मौजूद

इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने अन्य आवश्यक जानकारी भी दी। बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल, नगराधीश अंकित, चुनाव तहसीलदार जयकिशन सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इनेलो के आरएस राठी, जजपा के प्रेम सिंह धनखड़, भाजपा के अश्विनी गुलाटी, निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार, बसपा के प्रतिनिधि एनपी सिंह और निर्दलीय उम्मीदवार भारत भूषण आदि मौजूद थे।

---

## खबर संक्षेप

### जमीन के नाम पर ठगी करने वाले 3 गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** जमीन बेचने के नाम पर 66 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 5 लाख रुपए की नगदी भी बरामद की। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने कहा कि मई 2023 में कुलदीप धामा नामक व्यक्ति ने उसे यूपी के गौतमबुध नगर के कवीन्द्र भाटी की 27 बीघा जमीन को 48 लाख प्रति बीघा के हिसाब से दिलाने की बात कही थी। इसके लिए नरेश शर्मा नामक डीलर के साथ मिलकर कुलदीप धामा ने उस जमीन का 50 प्रतिशत हिस्सा लेना दिखाया गया।

### पुलिस ने पांच मनचलों को सिखाया सबक

**गुरुग्राम।** डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार महिलाओं की सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेफ सिटी कैम्पेन में पुलिस ने पांच मनचलों को सबक सिखाया। महिला थाना ईस्ट की इंस्पेक्टर गीता के नेतृत्व में मुख्य सिपाही शकुंतला व दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम ने दो मनचलों अश्वनी व देवेश को इफ्को चौक, गुरुग्राम के पास से काबू किया। वहीं मानेसर महिला थाना की प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम की पुलिस टीम ने तीन मनचलों पुष्पेंद्र, दीपक व गिरधारी को भांगरोला चौक के पास से काबू किया।

### बेटे की गला घोंटकर हत्या करने पर महिला गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** अपने 8 साल के बेटे की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है। सेक्टर-17-18 थाना थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल आरोपी महिला ने कारणों का खुलासा नहीं किया है। पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चे की कल्याणी अस्पताल में संदिग्ध हालात मौत हो गई है। जिस पर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां पर बच्चे के शव के पास ही मृतक बच्चे के पिता यूपी के लखीमपुरखीरी निवासी अरविन्द व उसकी मां पूनम देवी मिले।

### अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी संदीप दहिया की टीम में अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मुकेश उर्फ सनी है जो फिरोजाबाद का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद में रहता है। आरोपी आईएमटी में एक कंपनी में ड्राइवरी करता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने अवैध हथियार सहित आईएमटी एरिया से उसे काबू किया है।



### 12 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब सहित आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी हिमांशु की टीम में शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम मोहनलाल उर्फ मोनू है जो अलवर का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने एमवीएन नाके से आरोपी को रात करीब 8 बजे अवैध शराब सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से उसकी स्कोडा गाड़ी में से 12 पेटी अवैध शराब बरामद की गई।



### खेत पर कब्जा का विरोध करने पर मारपीट

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के गांव ताजनगर में एक परिवार ने दूसरे परिवार के खेत पर कब्जा करने के दौरान जब विरोध किया तो कई लोगों ने मिलकर पीड़ितों के साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का भी आरोप लगाया गया है। भगवती ने कहा कि वह खेत में काम कर रही थी तो अचानक कई लोगों आ गए।



---

## औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं को व्यवस्थित करने में जुटा ननि

# आयुक्त ने की पर्यावरण सुधार के लिए उद्योग बंधुओं से सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नगर निगम ने अब औद्योगिक इलाकों में सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कार्य करना शुरू कर दिया है। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने उद्यमियों से पर्यावरण के सुधार में सहयोग करने की अपील की है।

नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, प्रकाश विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य की रफ्तार को तेज कर दिया गया है। पांचों जोन में सुविधाओं को दुरुस्त करते हुए विभागीय अधिकारी कार्य कर रहे हैं। प्राथमिकता के आधार स्थान चयन करते हुए कार्य किया जा रहा है। नियमित सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए कवि नगर जोन अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए गाड़ियों का टाइमिंग बढ़ाया गया है। मोहन नगर जोन के अंतर्गत प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में कवि नगर में भी निर्माण विभाग तथा उद्यान विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में कार्य रफ्तार से कराए जा रहे हैं।

> नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, प्रकाश विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य की रफ्तार को तेज कर दिया गया है, पांचों जोन में सुविधाओं को दुरुस्त करते हुए विभागीय अधिकारी कार्य कर रहे हैं। प्राथमिकता के आधार स्थान चयन करते हुए कार्य किया जा रहा है।

**खास बातें**

- डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण के लिए गाड़ियों की समय सीमा बढ़ाई गई
- बुलंदशहर सड़क पर औद्योगिक क्षेत्र की सड़क का निर्माण भी कराया गया

### शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने की कवायद जारी



प्रकाश विभाग द्वारा आनंद इंडस्ट्रियल एरिया मोहन नगर में अभियान चलाया गया हाई मास्क तथा अन्य लाइटों को व्यवस्थित करते हुए मरम्मत की गई, लोहा मंडी कवि नगर इंडस्ट्रियल एरिया, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए कूड़ा उठान को व्यवस्थित कराया जा रहा है। बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में रोड का निर्माण भी कराया गया है। इसी प्रकार एयर क्वालिटी के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र की कई सड़कों का सुधार कराया गया है। गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग औद्योगिक क्षेत्र में भी विशेष कार्यवाही को प्रमुख रूप से कर रहे हैं तथा शहर को प्रदूषण मुक्त करने का प्रयास जारी है।

---

### नहर में नहाने को लेकर कहासुनी में व्यक्ति की गला घोंटकर हत्या

**गुरुग्राम।** चन्दु-धनकोट रोड वाली नहर में एक व्यक्ति का शव मिलने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया। इस ब्लाईंड मर्डर केस में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है।

दरअसल, पुलिस चौकी धनकोट को चन्दु-धनकोट रोड वाली नहर में एक शव मिला था। शव की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी 45 वर्षीय इन्द्र साहनी के रुप में हुई। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि उसके भाई की मौत नहर में डूबने से हुई है। जिसके बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। इसके बाद जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पता चला कि इन्द्र साहनी की मौत गला घोंटकर की गई है। जिसके बाद राजेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। मामले में धनकोट पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम ने वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान 26 वर्षीय सहदेव चढ्ढा व 23 वर्षीय दिनेश के रुप में हुई।

---

# राव इंद्रजीत को पंजाबी समाज का मिला समर्थन



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में पंजाबी भवन सम्मेलन में संबोधित करते गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/गुरुग्राम

गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह को गुरूग्राम के बाद रेवाड़ी में पंजाबी समाज का समर्थन मिला है। पुराने कोर्ट रोड पर स्थित पंजाबी भवन में समाज व सिख समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सरोपा व पगड़ी भेंट कर सम्मानित करते हुए एकजुट होकर उन्हें कामयाब करने का लोगों ने आश्वासन दिया साथ ही भवन बनाने के लिए सरकार की ओर से किए सहयोग के लिए उनका आभार भी जताया। इस मौके पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मैं यहां का बाशिंदा, पंजाबी समाज मेरा कुनबा पंजाबी समाज मेहनती है, उसी के बल पर आज उन्हें देशभर में अपनी खास पहचान बनाई हुई है।

राव ने कहा कि सभी जानते हैं कि उन्होंने हमेशा जनता के हितों के बारे में सोचते हुए विकास कार्य कराए हैं। इस मौके पर पंजाबी नेता एडवोकेट सचिन मलिक, सिख समाज के किरणपाल सिंह, सरदार निक्का सिंह, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन श्याम चुघ पूर्व पार्षद मनीष चराया, सुनील ठकराल , रवि ठकराल ओमप्रकाश खुराना, नरेश बत्रा, विवेक ढींगरा, पीयूष अरोड़ा, पूनम सतीजा के अलावा पंजाबी समाज के भारी संख्या प्रबुद्ध लोग व महिलाएं उपस्थित थी।

---

## जीडीए अभियंताओं के कार्य क्षेत्र में भारी बदलाव

# वीसी ने दी अभियंताओं को ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने विशेष अधिकारियों तथा अभियंताओं के कार्यों में व्यापक फेर बदल किया है। साथ ही उन्होंने अपने आदेशों में हिदायत दी है कि जिस अधिकारी या अभियंता को जो कार्य दिया गया है उसका निर्वहन पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करें और कोई किसी किस्म की कोताही न करें।

खासकर प्रवर्तन विभाग से जुड़े अधिकारियों को उन्होंने कहा है कि वह पूरे क्षेत्र में स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध कोई निर्माण न होने दें । इसके लिए आपस में सामंजस्य बताएं और अपने कार्य को अंजाम दें। जीडीए उपाध्यक्ष के आदेश को लेकर आज दिनभर हड़कंप मचा रहा और अधिकारी इसी को देकर चर्चा करते रहे।

जीडीए उपाध्यक्ष ने विशेषाधिकारी कनिका कौशिक को जोन एक व जोन दो का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जबकि जोन एक में सहायक अभियंता रूद्रेश शुक्ला व बलवंत सिंह को जोन प्रभारी और जोन दो में सहायक अभियंता योगेश कुमार को जोन प्रभारी बनाया गया है। विशेष अधिकारी गुंजा सिंह को जोन 3, 4 व 5 का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है ।

---

## यमुना नदी में लोनी प्रशासन का छापा

# अवैध खनन करते एक जेसीबी दो ट्रैक्टर एवं 7 ट्रॉली पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

लोनी के एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने मंगलवार को ट्रोनिका क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पचायरा में यमुना नदी में आकस्मिक रूप से छापामार करवाई की। जिसमें अवैध रूप से बालू खनन कर रहे एक जेसीबी मशीन, 2 ट्रैक्टर एवं 7 ट्रॉली मौके पर अवैध रूप से खनन करते हुए पाए गए। सभी को जब्त कर लिया गया। इस दौरान जॉच टीम को देखकर एक जेसीबी मशीन चालक, मशीन को लेकर दिल्ली की ओर भाग गया, जहां मशीन दिल्ली प्रदेश की सीमा के अतर्गत दलदल में फंस गई है।



चक्रवर्ती ने बताया कि यमुना नदी में पिछले कुछ दिनों से अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद करवाई की गई। कहा कि तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत किसी भी दशा में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। भविष्य में भी अवैध खनन की गतिविधियों के विरूद्ध इस प्रकार की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

---

## फरीदाबाद लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट

# डीसीपी ने निकाला फ्लैग मार्च व्यवस्था के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एनआईटी जोन के एसीपी मुजेसर महेश श्योराण, एनआईटी जोन के थाना व चौकी प्रभारी के साथ पुलिसकर्मी भारी संख्या में मौजूद रहे। आईपीबीटी की तरफ से अर्ध सैनिक पुलिस बल की कंपनी मौजूद रही।

### संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण



फ्लैग मार्च का काफिला सहायक पुलिस आयुक्त मुजेसर की निगरानी में डीसीपी एनआईटी कार्यालय से चलकर डबुआ चौक, 27 फुट रोड़, गंगाराम देवता, चुंगी नंबर 17, वापस डबुआ चौक, श्री राम स्कूल, सरूरपुर चौक, पाली चौक, पाखल, पावटा, धौज, टिकरी खेड़ा, फिरोजपुर कला, सिकरोना, राजीव कॉलोनी से सेक्टर 58 पर समापन हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस उपायुक्त ने डबुआ, धोज, सेक्टर 58 इत्यादि एरिया में स्थित कुछ संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अहम दिशा निर्देश दिए तथा साथ ही आमजन को भी निर्भीक होकर मतदान करने तथा किसी के दबाव में न आने के लिए उन्हें जागरूक किया। पुलिस ने नागरिकों को जागरूक करते हुए स्लोगन के साथ पैदल मार्च किया और अपने मताधिकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण ढंग से प्रयोग करने को कहा।

---

## पुलिस की पकड़ से अभी भी दूर ठगी

# बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी कर सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सारन थाना क्षेत्र में लूटपाट और ठगी की घटनाएं लगातार जारी हैं। आरोपी अपने हुनर से लोगों की आंखों में धूल झोंककर पुलिस की पकड़ से अभी तक दूर हैं। इन बढ़ती आपराधिक घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भारी भय है।

ऐसा ही एक वाक्या में पर्वतीया कालोनी निवासी राजपाल वाजपेयी ने पर्वतीया कालोनी पुलिस चौकी में दी अपनी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी मायावती से धोखाधड़ी कर एक महिला और दो पुरुषों ने करीब दो लाख रुपए मूल्य के सोने के आभूषण लूट लिए। पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि बुजुर्ग पीड़िता मायावती गत 10 मई को ललित सब्जी मंडी पर्वतीय कालोनी में सब्जी लेने गई थीं। जब वह सब्जी लेने के बाद घर की ओर चली तो रास्ते में एक पुरुष व एक महिला ने उसे रास्ते में रोक लिया। कुछ दूर चलने पर एक लड़का उनके पास आया और अपनी परेशानी बताने लगा कि मैं सोहना से पैदल आया हूं और मुझे मेरे मालिक ने बहुत मारा-पीटा है। मैं भूखा व परेशान हूं, मेरे पास मालिक का कुछ कीमती सामान है, आप इसे ले लो और मुझे इसके बदले कुछ रुपया या सामान दे दो।



उस सामान को देखने से लग रहा था कि उसमें नोटों की गड्डी है और कुछ सामान था। उस औरत और पुरुष ने बातों-बातों में मेरी पत्नी के गले से सोने की चैन, ओम, कानों के कुंडल तथा अंगूठी निकलवा ली और बदले में वह सामान मेरी पत्नी को दे दिया और हम थोड़ी देर में वापस आते हैं, ऐसा कहकर वह सभी ठग फरार हो गए। राजपाल ने बताया कि वह 10 तारीख को घर से कहीं बाहर गए हुए थे तथा दूसरे दिन शाम वापस आने पर सारी घटना का पता चला।

---

## 6 विधानसभा क्षेत्रों में एआरओ की अध्यक्षता में

# पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण में दिए गए चुनाव के सफल संचालन के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टर ऑफिसर्स, माइक्रो आब्जर्वर, पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के पोलिंग पीठासीन अधिकारियों को बेहतर चुनाव क्रियान्वयन के लिए द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। 85-पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी संपदा अधिकारी सिद्धार्थ दहिया की अध्यक्षता में सेक्टर-14 में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में, 86 फरीदाबाद एमआईटी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एडीसी आनंद शर्मा अध्यक्षता में एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर नियर ओजोन मॉल सेक्टर-12 में, 87-बड़खल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी उपमंडल अधिकारी बड़खल अमित मान की अध्यक्षता में एनआईटी-3 स्थित के एल मेहता दयानन्द कॉलेज फॉर वुमन में, 88-बल्लभगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में सेक्टर-2 स्थित सुषमा स्वराज राजकीय कॉलेज फॉर गर्ल्स में, 89-फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद शिखा अंतिल की अध्यक्षता में सेक्टर-17 स्थित माडर्न स्कूल और 90-तिगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एचएससी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् सतबीर सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर-88 स्थित अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में रिहर्सल का आयोजन हुआ।



### अधिकारी स्वयं के वोट के लिए फार्म 12 और 12 ए अवश्य भरें

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया में लगाए गए अधिकारियों के स्वयं के वोट डालने के लिए फार्म 12 और 12 ए भी भरवाए गए हैं। ताकि वे चुनाव में ड्यूटी के साथ साथ मतदान करने के भागीदार बन सकें। एडीसी ने कहा कि फरीदाबाद में लोकसभा चुनाव.2024 के लिए मतदान के दिन आगामी 25 मई को मतदान केन्द्रों पर अन्दर जाने और बाहर आने के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। मतदान केंद्र के भीतर प्रजाइडिंग आफिसर्स, सहायक प्रजाइडिंग आफिसर्स के बैठने की व्यवस्था और ईवीएम, वीवीपैट, सीयू, पीयू, बैलेट कंट्रोल यूनिट सहित तमाम व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें। वहीं टेस्ट वोट, मोक पोल, परोक्षी वोट डलवाने सहित अन्य सभी व्यवस्था आयोग की हिदायतों के अनुसार पूरी करें।

## खबर संक्षेप

### पवन सिंह वापस ले सकते नामांकन

**पटना।** बिहार की काराकाट लोकसभा सीट काफी सुर्खियों में है। इस सीट पर एनडीए से उपेंद्र



कुशवाहा चुनावी मैदान में उतरे हैं तो वहीं दूसरी ओर भोजपुर एक्टर पवन सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर भाजपा की टेंशन वढ़ा दी है। पवन भाजपा के सदस्य हैं व बिना पार्टी से इस्तीफा दिए उन्होंने काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है।

### गोपालगंज में झाड़ी से लड़की का शव बरामद

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र में घर से शौच के लिए निकली किशोरी



का शव गांव के ही एक झाड़ी से बरामद किया गया। उसका प्रेमी भी घायल बताया जा रहा है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है।पुलिस के मुताबिक मामला बिलरुआ गांव का है। बताया जाता है कि लड़की देर शाम को अपने घर से शौच के लिए निकली थी। लेकिन, रात को वापस नहीं लौटी।

### राजद विधायक रीतलाल को मिली बड़ी राहत

**पटना।** भाजपा के नेता सत्यनारायण सिन्हा की हत्या के मामले में पटना की एक अदालत ने



राजद एमएले रीतलाल यादव सहित अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। पटना व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने उन्हें बरी किया। रीतलाल के अधिवक्ता राजीव मिश्रा ने बताया कि सत्यनारायण सिन्हा हत्या मामले में 4 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

## खुफिया तंत्र, अर्द्धसैन्य बल व पुलिस को दी गई हिदायत

# श्रीकृष्ण जन्म स्थान की बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था देशभर में मिल रहीं धमकियों के बाद प्रशासन अलर्ट

देशभर में धमाके की धमकियां मिल रही हैं। स्कूल, अस्पतालों के बाद तिहाड़ जेल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इन्हें देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। श्रीकृष्ण जन्म स्थान की सुरक्षा बढ़ा दी गई

एजेंसी ⏭ मथुरा

देशभर में मिल रहीं धमाके की धमकियों के बीच जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बिना चेकिंग प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। खुफिया तंत्र, अर्द्धसैन्य बल और पुलिस को अलर्ट किया गया है। बिना वाहन पास की गहनता से जांच के गाड़ियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

हाल में देश के कई स्टेशनों और लखनऊ-जयपुर के स्कूलों को उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। ईदगाह-जन्मभूमि विवाद को देखते हुए यहां और भी सख्ती बरती जाती है।

इन धमकी भरे पत्रों के प्राप्त होने के सिलसिले के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। इधर, खुफिया तंत्र भी सक्रिय हो गया है। हर छोटी व बड़ी गतिविधि को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि जन्मभूमि को लेकर हमेशा पुलिस व खुफिया तंत्र अलर्ट मोड़ पर रहता है। वहां कड़े सुरक्षा इंतजाम हैं।

**खास बातें**

- देशभर में धमाके की मिल रही धमकियां
- बिना पास वाले वाहनों को प्रवेश नहीं
- कई स्टेशनों व स्कूलों को उड़ाने की भी मिली धमकी

**धमकी भरे पत्रों के बाद हर गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर**

### बांके बिहारी भी पर बढ़ाई गई निगरानी

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर पर भी निगरानी बढ़ाई गई है। सुबह और शाम के दर्शन के समय भीड़ नियंत्रण की दृष्टि भी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।



## पीएम मोदी के स्वागत व अभिनंदन को आतुर दिखा जनमानस

# एक मार्गदर्शक के रूप में काशी के लोगों से प्रधानमंत्री मोदी का जुड़ाव प्रेरणादायी

एजेंसी ⏭ वाराणसी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी का हर जनमानस अपने सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत-अभिनंदन के लिए आतुर दिखा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि काशी को नए रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर होना है। काशीवासियों से जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से मार्गदर्शक के रूप में पीएम का जुड़ाव प्रेरणादायी है। योगी ने कहा, देश के कोटि-कोटि और लोकतंत्र के प्रति आग्रही, मानवता के कल्याण के प्रति सजग दुनिया के हर नागरिक की निगाह रोड शो व नामांकन कार्यक्रम पर रही। प्रधानमंत्री के नामांकन और सोमवार को उनके आगमन पर काशीवासियों का उमंग, स्नेह देखकर देश-दुनिया अभिभूत है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी ने दस वर्ष तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके कार्य किया है।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी का हर जनमानस अपने सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत-अभिनंदन के लिए आतुर दिखा। मुख्यमंत्री योगी रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- पीएम के रूप में मोदी जी ने दस वर्ष तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके काम किया
- परिवर्तन का मूर्त रूप नई काशी में दिखने को मिल रहा

**नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में हो रहा देश आत्मनिर्भर**



सीएम ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में मोदी जी ने भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने, सुरक्षा को पुख्ता करने, आतंकवाद-नक्सलवाद का स्थायी समाधान निकालने, विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करने, गरीब कल्याणकारी योजनाओं की नई श्रृंखला को बढ़ाने और आजाद भारत में आस्था को पहली बार सम्मान व प्रतिष्ठा दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आत्मनिर्भर व विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

### देश 'फिर एक बार मोदी सरकार' के स्वर के साथ

यूपी सीएम ने कहा कि काशी नई पहचान बना रही है। दस वर्ष में हुए परिवर्तन का मूर्त रूप नई काशी में दिखने को मिलता है। काशी किसी भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समिट को सकुशल संपन्न करती है। दस वर्ष में देश के अंदर सांस्कृतिक नवजागरण का जो अभियान चला है, काशी से आपका नामांकन इसे नई ऊंचाई तक ले जाने की प्रेरणा है।

## राहुल के लिए डीके शिवकुमार रायबरेली पहुंचे

# आज कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बनाएंगे माहौल, मीडिया से भी करेंगे चर्चा



एजेंसी ⏭ रायबरेली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में पार्टी ने ताकत झोंक दी है। कई बार कांग्रेस को विषम स्थितियों से निकालने वाले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी रायबरेली में उतर गए हैं। शिवकुमार ने राहुल गांधी के लिए चुनाव अभियान की अगुवाई को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की घोषणा की।

शिवकुमार के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी बुधवार को रायबरेली आ रहे हैं। वह रायबरेली के साथ ही अमेठी में पार्टी के लिए माहौल बनाएंगे। लखनऊ में मीडिया से भी बातचीत करेंगे।

### शिवकुमार ने अपने जन्मदिन पर उत्सव न मनाने की दी हिदायत

रायबरेली रवाना होने से पहले शिवकुमार ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए रायबरेली जा रहा हूं। अगले दो दिनों के लिए बेंगलुरु से दूर रहूंगा। मैं अनुरोध करता हूं कि 15 मई को मेरे जन्मदिन के उपलक्ष्य में मेरे आवास के पास कोई उत्सव न हो। किसी भी उत्सव से बचें। उन्होंने कहा कि माहौल अनुकूल है और मेरा दृढ़ विश्वास है कि इंडिया गठबंधन विजयी होगा। इससे हमारे लिए सत्ता संभालने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### हरचंदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष भी बुधवार को अपनी पार्टी के लिए माहौल बनाने यूपी आ रहे हैं। खड़गे सबसे पहले लखनऊ आएंगे। यहां साढ़े दस बजे से मीडिया से चर्चा करेंगे। इसके बाद रायबरेली जाएंगे। यहां डेढ़ बजे से हरचंदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमेठी जाएंगे। वहां 3.15 से जनसभा करेंगे।

## पेज एक का शेष

### वायुसेना ने हवा में ...

बल्कि विदेश में भी प्राकृतिक आपदाओं, मानवीय संकटों या शांति और युद्ध के समय में भी तेजी से तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। ताकि इस दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए भीष्म पोर्ट्बल हॉस्पिटल्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### दशाश्वमेध घाट पर पूजा...

बीच आरती भी की और काल भैरव के दर्शन किए। इसके बाद पीएम मोदी जब नामांकन भरने जिलाधीश कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने जिला अधिकारी एस. राजलिंगम को दोनो हाथ जोड़कर नमस्कार किया। उन्होंने अपना नामांकन मंगलवार को गंगा सप्तमी के दिन पुष्य नक्षत्र में दाखिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामांकन भरने से पहले वाराणसी के लोगों का आभार व्यक्त किया उन्होंने एक्स पर लिखा कि काशी के साथ मेरा रिश्ता अनूठा, अभिन्न और अतुलनीय है। मैं कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार! वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं। बीते 10 वर्षों में आप सबसे जो अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने मुझे निरंतर सेवाभाव और पूरे संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है। आपके भरपूर समर्थन और सहभागिता से मैं अपने तीसरे टर्म में भी नई ऊर्जा-शक्ति के साथ यहां के चौतरफा विकास और जनता-जनार्दन के कल्याण में जुटा रहूंगा। जय बाबा विश्वनाथ!

**ज्योतिष की दुनिया के सबसे विश्वसनीय गणेश्वर शास्त्री बने प्रस्तावक:** पीएम मोदी के चार प्रस्तावकों में शामिल गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ की मौजूदगी हमेशा उनके साथ रही। ये वही शास्त्री हैं जिन्होंने अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त निकाला था। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने का शुभ मुहूर्त भी गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने ही निकाला था। इसके अलावा राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का शुभ मुहूर्त भी उन्हीं के द्वारा सुझाया गया था। ज्योतिष की दुनिया के सबसे विश्वसनीय नाम इस समय गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ हैं। वह जगद्गुरु रामानंदाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हैं। गणेश्वर शास्त्री का परिवार काफी लंबे समय से काशी में रह रहा है। बताया जाता है कि गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ मूल रूप से दक्षिण भारत से काशी आए थे। वर्तमान में वह काशी के रामघाट इलाके में गंगा किनारे रहते हैं। गणेश्वर शास्त्री के साथ उनके भाई पंडित विश्वेश्वर शास्त्री भी रहते हैं। वह भी बड़े विद्वान हैं। गणेश्वर शास्त्री ग्रह, नक्षत्र, चौघड़ियों के सबसे बड़े जानकारों में से एक हैं। गणेश्वर शास्त्री को बड़े-बड़े मुहूर्तों के धर्मसंकट से निकालने में महारथ हासिल है। आचार्य गणेश्वर शास्त्री नंगे पांव रहकर यम-नियम का पालन करते हुए ऋर्षियों के समान जीवन व्यतीत करते हैं। कपड़ों के नाम पर वे केवल एक धोती पहनते हैं।

**ये हैं पीएम मोदी के प्रस्तावक:** 1. पंडित गणेश्वर शास्त्री : इन्होंने ही अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकाला था। ये ब्राह्मण समाज से हैं।

2. **बैजनाथ पटेल** : ये ओबीसी समाज से आते हैं और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं।

3. **लालचंद कुशवाहा** : ये भी ओबीसी बिरादरी से हैं।

4. **संजय सोनकर** : ये दलित समाज से हैं।

पीएम के पास 4 सोने की अंगूठियां हैं लेकिन न कार है न घर है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामांकन के समय अपना चुनावी हलफनामा भी दाखिल किया जिसमें उन्होंने अपने पास मौजूद संपत्ति की जानकारी दी है। एफिडेविट के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के पास नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स भी हैं जिनकी कीमत 9,12,398 रुपए है। पीएम ने अपने हलफनामे में सोने की चार अंगूठियां होने की भी जानकारी दी है। 45 ग्राम सोने की कीमत वाली इन अंगूठियों की वैल्यू करीब 2,67,750 रुपए है। उनके पास कुल 3 करोड़ 2 लाख 6 हजार 889 रुपए की संपत्ति है। पीएम नरेंद्र मोदी के पास अपना खुद का कोई घर और कार भी नहीं है। उनके पास कुल 52,920 रुपए कैश हैं। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गांधीनगर शाखा में 73,304 रुपए जमा है। जबकि वाराणसी ब्रांच में सिर्फ 7000 रुपए जमा हैं। पीएम मोदी ने हलफनामे में पिछले 5 साल की आय की भी जानकारी दी है। 2018-19 में उन्होंने आईटीआर में अपनी आय 11,14,230 रुपए दिखाई थी। वहीं 2019-20 में 17,20,760 रुपए, 2020-21 में 17,07,930 रुपए, 2021-22 में 15,41,870 रुपए और 2022-23 में पीएम ने अपनी इनकम 23,56,080 रुपए दिखाई थी। हलफनामे के मुताबिक, पीएम मोदी के पास 31 मार्च 2024 के पास 24,920 रुपए कैश थे। और कल यानी 13 मई 2024 को उन्होंने 28 हजार रुपए कैश निकाले। यानी उनके पास कुल 52,920 रुपए कैश हैं।

### पीएम मोदी के नामांकन...

के नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, यूपी में एनडीए के घटक लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस आदि की मौजूदगी रही।

### अब उपभोक्ता...

बेला एम त्रवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कहा कि फीस देकर कोई भी काम करवाने को कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऐक्ट की 'सेवा' के दायरे में नहीं रखा जा सकता। अदालत ने कहा कि वकील जो भी सेवा देते हैं वह अपने आप में अलग तरह की है। ऐसे में इस कानून से उन्हें बाहर रखा जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि लीगल प्रोफेशन की तुलना बाकी किसी काम के साथ नहीं की जा सकती। किसी वकील और क्लाइंट के बीच सामंजस्य एक तरह की निजी अनुबंधित सेवा होती है। ऐसे में अगर कोई कमी होती है तो वकील को उपभोक्ता अदालत में नहीं खींचा जा सकता है। हालांकि अगर वकील गड़बड़ करते हैं तो उनके खिलाफ समान्य अदालतों में मुकदमा चलाया जा सकता है।

**उपभोक्ता आयोग का फैसला रद्द:** सुप्रीम कोर्ट ने 2007 के कंज्यूमर कमीशन का फैसला रद्द कर दिया। इस फैसले में कहा गया था कि उपभोक्ता के अधिकारों का ध्यान रखते हुए अगर वकील ठीक से सेवा नहीं देते तो उन्हें उपभोक्ता अदालत में लाया जा सकता है। हालांकि अप्रैल 2009 में ही सुप्रीम कोर्ट ने उपभोक्ता आयोग के इस फैसले पर रोक लगा दी थी।

## चार राज्यों को बड़ी सौगात

# 19 रूटों पर जल्द दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, कराया गया सर्वे



एजेंसी ⏭ जमशेदपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे जोन भीड़ वाले 19 रूटों पर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन जल्द चलाएगा। रेलवे ने झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा के स्टेशनों पर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलाने का सर्वे कराया है। इससे टाटानगर से गया, हावड़ा व धनबाद मार्ग पर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आधुनिक सुविधा युक्त वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की सुविधा मिल सके।

### इन मार्गों पर वंदे भारत चलाने की योजना

अभी रांची से टाटानगर स्टेशन होकर हावड़ा तक वंदे भारत ट्रेन चलती है। इसमें ज्यादातर सीट टाटानगर से बुक होती है। नई योजना से वंदे भारत मेट्रो ट्रेन रांची, बोकारो, राउरकेला, टोरी, आसनसोल व खड़गपुर से दीघा, बालासोर व अन्य मार्गों पर चलनी है।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

रेलवे के अनुसार, यात्रियों की मांग पर नए मार्ग पर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना है, जहां जल्द ट्रायल होगा। वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलने से जोन के झारखंड, बंगाल व ओडिशा स्थित पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी ओर, वंदे भारत मेट्रो ट्रेन के लिए उक्त मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों में टिकट बुकिंग और यात्रियों की संख्या पर भी रेलवे की नजर है।

## 32 करोड़ नगदी जब्त का मामला

# हाथ में अहम दस्तावेज लेकर ईडी दफ्तर पहुंचे मंत्री आलमगिर आलम



एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ईडी की पूछताछ का सामना करने के लिए ईडी के दफ्तर पहुंचे। उनके निजी सचिव के नौकर के घर से मिले नोटों के पहाड़ के बाद ईडी ने पूछताछ के लिए उन्हें समन भेजा था। ईडी ने उन्हें 14 मई को पेश होने के लिए कहा था।

ईडी के दफ्तर पहुंचने पर उन्होंने कहा कि हमें एक दिन का समय मिला है। उस समय में जितना संभव हो चुका दस्तावेज जुटाकर लाएं हैं। उन्होंने कहा कि हम कानून मानने वाले हैं इसलिए यहां आए। आलमगिर आलम कुछ दस्तावेज लेकर ईडी दफ्तर पहुंचे हैं। ईडी ने उन्हें उनकी संपत्ति से जुड़ी जानकारी लेकर आने को कहा था। पिछले सप्ताह आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम 32 करोड़ से अधिक की नकदी जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया था।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई श्रद्धालुओं की पिकअप

# युवक की मौत, बच्चों समेत 23 घायल

एजेंसी ⏭ बदायूं

बदायूं के उझानी इलाके में श्रद्धालुओं की पिकअप गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बच्चों समेत 23 श्रद्धालु घायल हो गए।

पूर्णागिरि देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। हादसे में पिकअप सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। बच्चों समेत 23 लोग घायल हो गए। बदायूं के उझानी इलाके में हादसा बदायूं रोड पर बांकेबिहारी कॉलेज के पास सोमवार रात करीब तीन बजे हुआ।

सोमवार की शाम एक ट्रक खराब हो गया था। चालक ने उसे सड़क से उतार कर किनारे खड़ा कर दिया। रात करीब तीन बजे पूर्णागिरि देवी के दर्शन कर लौट रहे उघैती क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी श्रद्धालुओं की पिकअप पीछे से ट्रक से भिड़ गई। टक्कर लगते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

### केबिन में फंस गए थे तीन लोग



मामूली रूप से घायल कई यात्री पिकअप से कूद पड़े। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने पिकअप की केबिन में फंसे चालक समेत तीन लोगों को बाहर निकाला। गंभीर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज और कुछ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। हादसे में भवानीपुर निवासी पुष्पेंद्र (26) की मौत हो गई। तीन-चार घायलों के हाथ और पैर भी टूट गए हैं। इन घायलों को एंबुलेंस के जरिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हादसा पिकअप चालक की वजह से हुआ है। ट्रक सड़क किनारे खड़ा था।

### चालक को आ गई थी झपकी

हादसे की वजह को लेकर जांच में जुटी कोतवाली पुलिस अभी तक किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। पुलिसकर्मियों ने घायलों से भी हादसे की वजह को लेकर जानकारी की। अधिकतर घायलों ने पुलिस को यही बताया कि पिकअप तो पूरी तरह ठीक थी। माना जा रहा है कि झपकी आ जाने पर चालक पिकअप पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

## सीतापुर हत्याकांड: डीजीपी सख्त, लापरवाही पर एसपी सीतापुर से मांगा स्पष्टीकरण, अब एसटीएफ ने संभाली जांच की कमान

एजेंसी ⏭ सीतापुर

पल्हापुर सामूहिक हत्याकांड में डीजीपी ने एसपी सीतापुर से स्पष्टीकरण तलब किया है। पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। सूत्रों के अनुसार एसपी सीतापुर से पूरे मामले की विवेचना में शुरुआत से पुलिस की चूक पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। डीजीपी ने पूछा है कि आखिर इतने संवेदनशील मामले में पुलिस से कहां और क्यों चूक हुई।

पल्हापुर गांव में बीते शनिवार को छह लोगों की हत्या हुई। सूत्रों के अनुसार इसे आरोपी अजीत सिंह



ने अंजाम दिया। आरोप है कि उसने अपने भाई का पूरा परिवार एक झटके में ही समाप्त कर दिया। अपनी मां को भी मौत के घाट उतार दिया।

### ताऊ को पुलिस ने फिर हिरासत में लिया

जांच में एसटीएफ के शामिल होने के बाद सभी संदिग्धों से नए सिरे से पूछताछ की गई। इसी क्रम में छोड़े गए अनुराग के ताऊ आरपी सिंह को पुलिस ने मंगलवार को फिर हिरासत में ले लिया। अजीत, चचेरे भाई अशोक व अमित, पत्नी विभा व बच्चों को अस्पताल ले जाने वाले प्रभाकर सिंह, नौकर सर्वेश व विरेश से भी सख्ती शुरू की। प्रभाकर ने ही बताया था कि अजीत ने बच्चों को अस्पताल पहुंचाने के लिए गाड़ी की चाभी नहीं दी थी। इसपर पुलिस ने प्रभाकर और अजीत का आमना-सामना भी कराया।



# किंग में दिखेगा शाहरुख खान का धाकड़ अवतार

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी कर रहे हैं। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही इसकी कथित तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं। शाहरुख खान इन तस्वीरों में लंबी दाढ़ी के साथ खतरनाक नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बड़े बालों वाले शाहरुख खान ने काला चश्मा पहना हुआ है। इस लुक को देखकर फैन्स भी एक्शन की उम्मीद कर रहे हैं। शाहरुख खान ने इसस पहले पठान और जवान में भी दमदार एक्शन दिखाया था। अब 1 बार फिर से शाहरुख खान पर्दे पर दमदार मार-धाड़ के साथ पेश होने वाले हैं।

लाइफ Style



# मन्नारा

## पहली बारिश एंजॉय करती दिखीं

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस 17 फेम मन्नारा चोपड़ा शो के खत्म होने के बाद भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने प्रशंसकों के साथ अपनी रील्स वीडियो भी साझा करती रहती हैं। अब हाल ही में, मन्नारा को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल, मन्नारा ने मुंबई की पहली बारिश का एक वीडियो अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। नेटीजंस ने उनके पोस्ट को वाहियात बताया और कहा कि जब वह वीडियो शूट करने में व्यस्त थीं तो तूफान के कारण लोगों की जान चली गई। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'जब शहर में लोग मर रहे हों तो नाचने का समय नहीं है,' जबकि दूसरे ने लिखा, 'इनको एहसास ही नहीं वह कितने के घर बिखर गए हैं'। एक और यूजर ने अफसोस जताया, 'लोग घायल हो रहे हैं और समस्याओं का सामना कर रहे हैं और यहां क्या हो रहा है...'। बता दें कि मुंबई के घाटकोपर उपनगर में एक विशाल होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, जिसमें 80 से अधिक लोग फंस गए और उसके नीचे दसियों कारें और अन्य वाहन नष्ट हो गए।

हॉलीवुड मसाला



# 'ड्यून प्रोफेसी' में दिखाएंगी जलवा

**लॉस एंजिलिस।** क्रू के बाद तब्बू एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। देश में अपनी अदाकारी का जादू चलाने वाली अभिनेत्री अब विदेश में अपने अभिनय का जलवा जल्द बिखेरती नजर आने वाली हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री टीवी सीरीज ड्यूनः प्रोफेसी में एक अहम किरदार में दिखेंगी। यह टीवी सीरीज मूल रूप से 2019 में 'ड्यूनः द सिस्टरहुड' शीर्षक के तहत शुरू की गई थी। यह ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' से प्रेरित है।



# कान में दिखेगी तब्बू-अजय की फिल्म की झलक...

**लॉस एंजिलिस।** प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल आज 14 मई से शुरू हो गए हैं। यहां भारतीय फिल्में और फिल्म निर्माता देश की प्रतिभाओं से रूबरू कराएंगे। कान फेस्टिवल का 77वां संस्करण 25 मई तक चलेगा। इसमें तब्बू और अजय देवगन की आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की झलक दिखाई जाएगी। कान के भारत पवेलियन में फिल्म की झलक देखने को मिलेगी। अजय देवगन और तब्बू की रोमांटिक म्यूजिकल थ्रिलर फिल्म की स्नीक पीक कान में 17 मई को विशेष रूप से दिखाई जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। वहीं, इसका इसका संगीत ऑस्कर विजेता कंपोजर एम एम कीरवानी ने कंपोज किया है। यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# दीपिका ने मेहनत से पलट दी कायनात

**मुंबई।** टीवी स्टार दीपिका सिंह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। दीपिका सिंह ने टीवी के कई सीरियल्स के किरदारों में जान फूंक कर शोहरत का ये खास मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए खूब मेहनत की है। बचपन में गरीबी की जिल्लत झेली और अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। आज दीपिका सिंह टीवी की दुनिया की स्टार बन गईं है। दीपिका सिंह ने बीते दिनों मुंबई में स्ट्रगलिंग दिनों की कहानी भी सुनाई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक बार उनकी ही दोस्त ने उन्हें आधी रात घर से बाहर निकाल दिया था। उन्होंने बताया था बचपन में पैसों की कमी के चलते काफी बुरे अनुभवों को झेला है। उनके पिता का बिजनेस काफी घाटे में चला गया था। इसके चलते अचानक पूरा परिवार आर्थिक तंगी से जूझने लगा।



# अक्षय-आलिया को लेकर बनाएंगे फिल्म

**मुंबई।** डायरेक्टर प्रियदर्शन क्लासिक कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने दे दना दन, हंगामा, हलचल, गरम मसाला जैसी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। अब ताजा खबरों की माने तो डायरेक्टर एक बार फिर अक्षय कुमार को लेकर एक जबरदस्त एंटरटेनर फिल्म बना रहा हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के लिए आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश जैसी एक्ट्रेसेज के नाम सामने आए हैं। इस फिल्म को लेकर अभी डायरेक्टर इन चारों एक्टर्स के नाम पर चर्चा कर रहे हैं। बातचीत जारी है लेकिन कुछ भी कन्फर्म नहीं। प्रियदर्शन अपनी आने वाली फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ इंडस्ट्री की बड़ी हीरोइन को एक साथ लाने का सपना देख रहे हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, कियारा अडवानी और कीर्ति सुरेश का नाम शामिल हैं।

टीवी मसाला



# चिलचिलाती गर्मी में बेटियों संग पूल में उतरीं देबिना बनर्जी...

**नई दिल्ली।** टीवी की सीता माता देबिना बनर्जी अपनी दोनों बेटियों के साथ खूब मस्ती करती हैं। वो अक्सर उनके साथ फोटोज शेयर करके इंटरनेट पर लोगों का दिल जीत लेती हैं। एक बार फिर से देबिना ने गर्मी में पूल में मस्ती की है और बेटियों के साथ इसे और भी एक्साइटिंग बनाया है। टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली एक्ट्रेसेस में देबिना बनर्जी हैं। देबिना ने 'रामायण' में अपने को-एक्टर रहे गुरमीत चौधरी से शादी की है। बीते सालों में, इस जोड़ी ने कई कपल्स गोल्स दिए हैं। इनकी दो बेटियां हैं, जिनके साथ अक्सर देबिना मस्ती करती दिखती हैं। हाल ही में उन्होंने बेटियों के साथ पूल पार्टी भी की। जहां देबिना अपने पति और बेटियों के साथ बेहद खुश हैं, वहीं वह अपनी छोटी बच्चियों के साथ भी अच्छा समय बिता रही हैं। क्योंकि वे बड़ी हो रही हैं। वे बहुत प्यारी दिखती हैं और गर्मी को देखते हुए देबिना ने पूल के अंदर गोता लगाकर अपने बच्चों के साथ मस्ती की है। पूल के पानी के अंदर खेलते हुए दोनों खुश दिख रही हैं और उनकी तस्वीरें बहुत प्यारी हैं।

# आसमान छूना चाहते हैं 'बालवीर' फेम देव जोशी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का जाना पहचान चेहरा हैं देव जोशी। बच्चों के चहेते बालवीर यानी देव जोशी का चांद पर जाने का सपना भी



अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है। अब देव जोशी फिल्मों में नहीं, बल्कि असल में चांद की सैर करने वाले हैं। इसके लिए वह खास ट्रेनिंग भी लेने वाले हैं। बीते साल खदु देव जोशी ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी थी। देव जोशी को जापान के यासुका मीजावा ने डियर मून मिशन के लिए चुना गया है। हफ्ते की इस ट्रिप के दौरान पूरे 10 लोग चांद की सैर करेंगे। देव ने बताया था कि वह अपने पायलट ट्रेनिंग शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं और वह इसका बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# बॉलीवुड से 100 गुना बेहतर हैं कोरियाई फिल्में : नसीरुद्दीन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भारतीय सिनेमा में एक महान शख्सियत हैं। पिछले चार दशकों में, उन्होंने फिल्म, थिएटर और टेलीविजन पर अपने प्रतिष्ठित प्रदर्शन से छाप छोड़ी है। नसीरुद्दीन शाह शानदार अभिनय से साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार उनकी कही बातों पर विवाद भी खड़ा हो जाता है। हाल ही में उन्होंने हिंदी सिनेमा में बन रही फिल्मों पर खुलकर बात की। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि कोरियाई फिल्में बॉलीवुड की फिल्मों से 100 गुना बेहतर हैं। हम दुनिया में ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हमारी फिल्में सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे बॉलीवुड की प्रेम कहानियां पसंद हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हॉलीवुड ही हमारा एकमात्र संदर्भ बिंदु है। जैसे भारतीय खाना खाया जाता है, हमारी फिल्में भी उसी तरह देखी जाती हैं। हालांकि, भारतीय खाने में कम से कम कुछ स्वाद तो है। हिंदी बुलबुला एक दिन फूट जाएगा और मुझे अभी से इसके बारे में यकीन है। क्योंकि हिंदी फिल्मों में अब सार की कमी है, उन्हें नए पैंतरे अपनाने की जरूरत है। नसीरुद्दीन अपने बयान को लेकर बुरी तरह फंस गए हैं। अभिनेता की सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग हो रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आपको कोरिया में ही बस जाना चाहिए।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह वही लोग हैं, जो देश में रहकर ही यहां की बुराई करते हैं।' एक और यूजर ने लिखा, 'आप भी अब से कोरियाई फिल्मों में ही काम किया कीजिए।' नसीरुद्दीन शाह ने अपनी बेजोड़ प्रतिभा और काम से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्हें आखिरी बार आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'कुट्टी' में देखा गया था। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# वो बॉलीवुड एक्टर जिसके हुनर के आगे सब थे नतमस्तक!

**मुंबई।** 80 के दशक में बॉलीवुड पर सदाशिव अमरापुरकर का राज चलता था। बिना इनके निगेटिव रोल्स के फिल्म अधूरी मानी जाती थीं। फिर चाहे वो 'सड़क' में महारानी बनकर लोगों की रूह कंपा देना हो या फिर 'अर्ध सत्य' में रामा शेट्टी के किरदार में जान फूंक देना हो। 'सड़क' में तो सदाशिव ने ऐसी दमदार एक्टिंग की थी कि फिल्मफेयर को अलग से निगेटिव रोल कैटेगरी का ऐलान करना पड़ा और पहला अवॉर्ड सदाशिव को मिला था। साल 1948 में आज ही के दिन पैदा होने वाले सदाशिव के फिल्मों में निभाए किरदार अमिट हैं। उनकी यादें अमिट हैं। विलेन बनने के बाद वो कॉमिक रोल्स और सपोर्टिंग रोल्स में भी नजर आए, लेकिन उनकी आत्मा 'थिएटर' में बसती थी। उन्होंने खुद कहा था कि थिएटर उनकी सांसें हैं। और जब एक्टिंग से दूर होते थे तो समाज की भलाई में खुद को सौंप देते थे। एक बार उनके साथ लोगों ने बहुत बुरा बर्ताव किया था। सदाशिव लोगों की अच्छाई चाहते थे, लेकिन होली के हुड़दंगियों के सिर पर ऐसी खुमारी सवार थी कि उन्होंने एक्टर की पिटाई कर दी थी। बहुत ही शर्मनाक। पर सदाशिव ने इस घटना को दिल से नहीं लगाया और तमाम एनजीओ के जरिए जरूरतमंदों के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाते रहे। ऐसे ही थे सदाशिव अमरापुरकर।



सदाशिव अमरापुरकर का जन्म 11 मई 1948 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनका असली नाम गणेश कुमार नारवोडे भी बताया जाता है। 1983 से 2013 तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम करने वाले सदाशिव को 1991 में 'सड़क' फिल्म की महारानी बनकर पहचान मिली। उन्हें अपने करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और फिल्मफेयर ने पहली बार निगेटिव रोल कैटेगरी के लिए अवॉर्ड दिया था।

## तवायफों पर आधारित फिल्में और सीरीज

# इन अभिनेत्रियों ने निभाया था वेश्या का किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड में हर तरह की फिल्में बनती आई हैं, जिनमें तवायफों पर आधारित फिल्मों ने एक खास जगह लोगों के दिलों में बना रखी है। पाकीजा, उमराव जान, देवदास, गंगूबाई काठियावाड़ी और अब हीरामंडी भी तवायफों पर आधारित है। 1 मई को ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'हीरामंडी द डॉयमंड बाजार' में मनीषा कोइराला, अदीति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और सोनाक्षी सिन्हा ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म पूरी तरह से तफायफों की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में मनीषा कोइराला ने मल्लिकाजान का किरदार निभाया है, जो सभी तफायफों की हैड होती हैं। इसके अलावा अदीति राव हैदरी ने मल्लिकाजान की बेटी बिब्बोजान का किरदार निभाया है। संजीदा शेख ने मल्लिकाजान की छोटी बहन फहीदा की भूमिका निभाई है। ऋचा ने लज्जो, शर्मिन सहगल ने आलमजेब का किरदार निभाया है। सोनाक्षी सिन्हा ने इस सीरीज में दो किरदार निभाए हैं। सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरदीन का किरदार निभाया है।*





### गंगूबाई काठियावाड़ी

भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' तवायफों पर आधारित है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का की तवायफ का किरदार निभाया था। आलिया भट्ट अभिनीत 'गंगूबाई काठियावाड़ी' गंगा की सच्ची कहानी पर आधारित है, जो नादानी में एक फिल्म स्टार बनने के लिए घर से भागती है, लेकिन वेश्यावृत्ति में मजबूर हो जाती है। वह वेश्यालयों में श्रम अधिकारों की शुरुआत करती है, और वेश्याओं को सप्ताह में एक बार छुट्टी देने की वकालत करती है। गंगूबाई आगे चलकर उस वेश्यालय की मालकिन और माफिया रानी बन जाती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉक बस्टर साबित हुई थी।





### पाकीजा

फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने एक तवायफ की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में मीना कुमारी ने एक वैश्या साहिबजान का किरदार निभाया है।

### उमराव जान



1981 में रिलीज हुई फिल्म 'उमराव जान' में रेखा ने एक तवायफ का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मुजफ्फर अली ने किया था। इस फिल्म को मिर्जा हादी रुस्वा के लिखे गए उपन्यास उमराव जान अदा पर बनाया गया था। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने इस फिल्म में लखनऊ की एक तवायफ उमराव जान का किरदार निभाया था। जिसका बचपन का नाम आमरीन था लेकिन एक घटना के बाद वह कोठेवाली बनने पर मजबूर हो जाती है।

### देवदास



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' में माधुरी दीक्षित तवायफ के किरदार में नजर आई थीं। शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म देवदास अपनी रिलीज के इतने सालों बाद भी लोगों को पसंद है। देवदास और पारो के बीच की इस प्रेम कहानी में तवायफ चंद्रमुखी का प्यार देखने लायक था। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने तवायफ का किरदार निभाया था।


प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में परिवार सहित मतदान किया।


उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर में सिंचाई विभाग स्थित बूथ क्रमांग 56 में परिवार सहित मतदान किया।


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने मतदान किया।


इंदौर में पत्याशी शंकर लालवानी ने मतदान किया।


रतलाम से भाजपा प्रत्याशी अनीता चौहान ने अपने ग्रह ग्राम डोबलाझीरी में मतदान किया।


धार की भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर ने ग्राम तारापुर स्थित बूथ क्रमांक 135 पर मतदान किया।


खरगौन के भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल ने बड़वानी के बूथ 183 पर परिवार सहित मतदान किया।


खंडवा से भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने बुरहानपुर के मतदान केंद्र 206 पर परिवार सहित मतदान किया।


मतदान के लिए कतार में लगे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशीष सिंह।

### एक करोड़ 63 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं में से 71.72 फीसदी ने की वोटिंग

# चौथे व अंतिम चरण में 2019 के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कम हुआ मतदान

- करीब 30 फीसदी मतदाता घरों से वोट डालने नहीं निकले
- ग्रामीण इलाकों में ज्यादा संख्या में लोगों ने किया मतदान

## मतदान में इंदौर ने किया निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में चौथे व अंतिम चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान का रूझान शतत बढ़ा। मतदाताओं में मतदान को लेकर अच्छी खासी जागरूकता देखी गई। सबसे अच्छी स्थिति जनजातीय बाहुल्य जिलों रही। इन जिलों में पुरूष व महिलाओं के मतदान प्रतिशत में ज्यादा अंतर नहीं रहा। शहरी इलाकों की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में ज्यादा संख्या में लोग घरों से मतदान के लिए निकले। मतदान की सबसे खराब स्थिति इंदौर जैसे जागरूक शहर में हुआ। यह चौकानें वाला था। चूंकि इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर का तमगा मिला है, पर मतदान में फिसड्डी साबित हुआ है।

प्रदेश में चौथे चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ 63 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं को मतदान करना था, इसमें से करीब 71 फीसदी मतदाताओं ने ही अपने मत का उपयोग किया। करीब 30 फीसदी मतदाता किसी कारण से अपने घरों से मतदान करने नहीं निकले। हालांकि युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह रहा। जगह-जगह युवा मतदाताओं ने लाइनों में लगकर मतदान किया है। इसी तरह महिला मतदाताओं में भी मतदान के प्रति खासा रूझान रहा। जनजातीय क्षेत्रों में खासकर रतलाम, मंदसौर, धार, झाबुआ, देवास आदि क्षेत्रों में मतदाताओं का रूझान देखते बन रहा था। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने वोट डाले। जनजातीय क्षेत्रों में आदिवासी युवतियों खासकर पहली बार के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। इसकी तस्वीरे चुनाव आयोग ने भी अपने सोशल मीडिया पर जारी किया है। चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं का फोटो व वीडियो भी जारी कर लोगों को बताया कि किस तरह से दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

### 2024 तथा 2019 में हुए मतदान का आंकड़ा

| संसदीय क्षेत्र | सुबह 11 बजे | एक बजे | शाम 3 बजे | शाम 5 बजे | शाम 6 बजे | 2019 में मतदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| देवास | 35.83 | 52.11 | 63.08 | 71.53 | 74.86 | 79.46 |
| उज्जैन | 34.25 | 49.71 | 60.83 | 70.44 | 73.03 | 75.40 |
| मंदसौर | 34.13 | 50.39 | 61.58 | 71.76 | 74.50 | 77.84 |
| रतलाम | 34.04 | 51.13 | 62.78 | 70.61 | 72.86 | 75.66 |
| धार | 32.62 | 49.37 | 60.18 | 67.55 | 71.50 | 75.25 |
| इंदौर | 25.01 | 38.60 | 48.04 | 56.53 | 60.53 | 69.29 |
| खरगोन | 33.52 | 51.48 | 63.84 | 70.80 | 75.79 | 77.82 |
| खंडवा | 31.87 | 48.15 | 59.87 | 68.21 | 70.72 | 76.80 |

इस बार के चुनाव का औसत (प्रतिशत में) 71.72 फीसदी

वर्ष 2019 के मतदान का औसत (प्रतिशत में) 75.95 फीसदी

### मामूली फेरबदल संभावित

*चुनाव आयोग के शाम 6 बजे के आंकड़ों के अनुसार 2019 के मुकाबले इस बार लगभग 5 फीसदी कम मतदान हुआ है। अंतिम चरण के उक्त 8 लोकसभा क्षेत्रों में पिछले 2019 में 75.95 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार यह आंकड़ा करीब 5 फीसदी कम होकर 71.72 पर आकर रूक गया। आयोग के अनुसार इसमें मामूली फेरबदल संभावित है, किंतु आंकड़ों को देखे तो इंदौर में निराशाजनक प्रदर्शन हुआ है।*

### चौथे चरण के मतदान की अंतिम जानकारी 71.72 प्रतिशत हुआ मतदान

#### आठ संसदीय क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की स्थिति

**भोपाल।** मप्र लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश के आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी आठ लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में (अंतिम जानकारी अनुसार) 71.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.-21 देवास (अजा) में 74.86 प्रतिशत, क्र.-22 उज्जैन (अजा) में 73.03 प्रतिशत, क्र.-23 मंदसौर में 74.50 प्रतिशत, क्र.-24 रतलाम (अजजा) में 72.86 प्रतिशत, क्र.-25 धार (अजजा) में 71.50 प्रतिशत, क्र.-26 इंदौर में 60.53 प्रतिशत, क्र-27 खरगौन (अजजा) में 75.79 प्रतिशत एवं क्र.-28 खंडवा में 70.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने एक होटल और मौरिज गॉर्डन से 6 हजार 600 ग्राम कोकीन और 2100 एमडीएमए जब्त किया

पांच तस्करों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ कर जानकारी जुटाने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ निजात अभियान के तहत बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक होटल और मौरिज गॉर्डन से 6 हजार 600 ग्राम कोकिन और 2100 एमडीएमए जब्त कर पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए नेटफ्लिक्स के वेब-सीरिज 'मनी हाईस्ट' के किरदारों की तरह अपने नाम रखे थे। पुलिस ने खम्हारडीह थाने क्षेत्र के धोतरे मैरिज गार्डन और मंदिर हसौद के सैमरॉक ग्रीन होटल से आरोपियों को धर दबोचा। एमडीएमए और कोकिन के साथ एक अंतरराज्यीय



और एक महिला सहित कुल 4 आरोपी को अरेस्ट किया है।

पुलिस आरोपियों के खिलाफ खम्हारडीह थाने में अपराध क्रमांक 205/24 धारा 21, 22 नारकोटिक्स एक्ट का केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस धोतरे मैरिज गार्डन एवं सैमरॉक ग्रीन होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को भी खंगालने में लगी है। आरोपी आयुष अग्रवाल के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में मारपीट, आरोपी चिराग शर्मा के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में मारपीट और महिला आरोपी कुसुम हिंदुजा के खिलाफा थाना खम्हारडीह में थाना 295 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस केस का मुख्य सरगना है आयुष अग्रवाल है, जिसे प्रोफेसर के नाम से जाना जाता है। दिल्ली निवासी महेश सिंग खडगा एमडीएमए और कोकिन के सप्लाई का काम करता था। चिराग और महिला पैडलर आरोपी थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17 अलग -अलग छोटे जिप पॉलिथीन में रखें 2100 मिलीग्राम एमडीएमए और 6600 मिलीग्राम कोकिन, 1 नग इलेक्ट्रानिक तराजू, 8 नग मोबाइल फोन, 86 हजार नगद, 3 नग सोने की चैन, 1 नग लैपटॉप, 1 नग आईपेड, 3 नग एटीएम कार्ड, 1 नग सिम कार्ड, ऑडी कार क्रमांक डी एल/02/सी ए टी/5505 जब्त किये हैं। जब्त मशरूका की कुल कुल करीब 50 लाख रुपये आंकी गई है।

## लोगों की पिटाई से घायल बाइक सवार की मौत

**पेंड्रा।** गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में वॉक करने गई महिलाओं की पिटाई से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत के मामले में पेंड्रा पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल पूरा मामला बीते 8 मई का है जहां पेण्ड्रा थाना क्षेत्र में रामापनिका बाइक में सवार होकर पेंड्रा से अपने घर आमाडांड जा रहा था। इसी दौरान दो महिलाएं एक बच्चे को लेकर सड़क में टहल रहीं थी। बच्चा अचानक सड़क में दौड़ पड़ा जिसे बचाने के लिए बाइक सवार ने अपनी बाइक दूसरी और घुमा दी, जिससे सड़क पर घूम रही महिला से टकरा गई थी।

# आईपीएल मैच के दौरान सट्टा के जरिए करोड़ों रुपए का दांव लगाने वाले 3 सटोरिए गिरफ्तार

### पुलिस और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, 19 मोबाइल और कैश जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

अंबिकापुर में आईपीएल मैच के दौरान सट्टा लगाकर करोडों का दांव लगाने वाले तीन मास्टरमाइंड सटोरियों को कोतवाली पुलिस और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ने बताया कि 13 मई को थाना कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग टीम कों दौरान पेट्रोलिंग जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि तीन सटोरी आयुष सिन्हा उर्फ़ दीप सिन्हा, अमित मिश्रा उम्र पहलू, शुभम केशरी मिलकर अपने सम्पर्क एवं जानपहचान के लोगो कों स्काईएक्सचेज लिंक भेजकर आईपीएल मैच गुजरात टाइटन्स व कोलकता किंग राइडर्स के बीच चल रहे टी-20 मैच में ऑनलाईन सट्टा खेलने व खेलाने का काम कर रहे है। पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर रेड की कार्यवाही की गई ।



तीन संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल ऑपरेट करते हुए मिले, पुलिस टीम द्वारा तीनो संदिग्ध से पूछताछ करने पर अपना नाम आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा उम्र 30 साल , अमित मिश्रा उर्फ़ पहलू उम्र 30 साल, शुभम केसरी उम्र 28 साल सभी निवासी सत्तीपारा शिव मंदिर के पास अम्बिकापुर का होना बताये, आरोपी अमित मिश्रा ऊर्फ पहलू से जप्त एप्पल मोबाइल फ़ोन आईफोन-15 से वाटसअप ऐप मे किये गए चैट, फोन पे ऐप में लेन देन संबंधि सट्टा खेलने व खेलाने का साक्ष्य प्राप्त हुआ।

### इस वर्ष अब तक 76 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

# सरकार की नीति से प्रभावित होकर 39 लाख रुपए के इनामी 9 नक्सलियों सहित 30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर में नक्सल विचारधारा से क्षुब्ध और सरकार की आत्मसमर्पण तथा पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 39 लाख रुपए के इनामी 9 नक्सलियों सहित 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस वर्ष अब तक 76 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं 180 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में मिलिट्री कंपनी नंबर 2 पीपीसीएम 8 लाख की इनामी नक्सली मिटकी ककेम उर्फ सरिता पिता सन्नू उम्र 35, प्लाटून नम्बर 32 पीपीसीएम 8 लाख की इनामी नक्सली मुरी मुहंदा उर्फ सुखमति उर्फ मनकी पिता धोगे उम्र 32, प्लाटून नंबर 4 सदस्य 5 लाख की इनामी नक्सली रजिता वेट्टी उर्फ रामे पति मुदा उम्र 24, प्लाटून नम्बर 32 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली देवे कोवासी पिता लच्छू उम्र 24 , बटालियन नंबर 1 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली सीनू पदम उर्फ चिन्ना पिता आयतू पदम उम्र 27, प्लाटून नम्बर 32 सदस्य 5 लाख के इनामी नक्सली आयता सोढ़ी पिता हिड़मा उम्र 22, डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख के ईनामी नक्सली आयतु कारम पिता भीमा उम्र 50,पालनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष 1 लाख के इनामी मुन्ना हेमला उर्फ चंदू उर्फ चन्दरु पिता सोमलु उम्र 35, केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य डीएकेएमएस अध्यक्ष 1 लाख के इनामी नक्सली आयतु मिडियम उर्फ वर्गेश उर्फ आम्बा पिता सुक्कू मिडियम उम्र 38 है।



## इन्होंने किया सरेंडर

डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू कारम उर्फ डोरा पिता आयतु कारम उम्र 24, डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य बामन कारम पिता बुधराम उम्र 22 डुमरी पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य सुखराम कारम पिता सुकलु उम्र 36, पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य मनकू ताती पिता लधु ताती उम्र 35, पालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य मुन्ना पोटाम उर्फ मुकेश पिता सन्नू उम्र 40, सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य सन्तु हेमला पिता सन्नू हेमला उम्र 23, सावनार आरपीसी मिलिशिया सदस्य राहुल हेमला उर्फ छोटू पिता लधु उम्र 25, डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य सुखराम उर्फ सुरेश कारम पिता सुकलु कारम उम्र 30, डुमरी पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मोटू हेमला पिता सुक्कू हेमला उम्र 27, डुमरी पालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य मोटू कवासी पिता भीमा कोवासी उम्र 27 भूमकाल मिलिशिया सदस्य रमेश हेमला पिता दशरू हेमला उम्र 22, जीआरडी सदस्य लक्खू कोरसा पिता आयतु कोरसा उम्र 25, पीएलजीए सदस्य नंदू कुरसम पिता मंगलू कुरसम उम्र 21, पीएलजीए सदस्य सोमलु कडती उर्फ दिवाकर पिता मंगलू कडती उम्र 40, पालनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य सोमलू ताती पिता लधु ताती उम्र 45, पीएलजीए सदस्य संतोष पदम पिता मद्दा पदम उम्र 19, गुड्डी हपका पिता पाण्डु हपका उम्र 26, मुनगा आरपीसी केएमएमस सदस्य ज्योति लेकाम पति अर्जुन लेकाम उम्र 29, सीएनएम सदस्य सोनू कुड़ियम उर्फ गुट्टा पिता स्व.विज्जा उम्र 21 है। संगम सदस्य राजेश कोरसा उर्फ बामन कोरसा पिता मण्डो उम्र 28 व मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर लखमू पल्लो उर्फ लखु पिता कईया पल्लो उम्र 30 ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने पर उन्हें उत्साहवर्धन और आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत 25 -25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक 180 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि 76 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

## सेट टॉप बॉक्स से लगा करंट, उपचार के दौरान 12 साल की बच्ची ने तोड़ा दम

**जगदलपुर।** बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडापाल में रहने वाले सुकु कश्यप की बेटी टीवी देखने के लिए सेट टॉप बॉक्स को छूते ही करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद बच्ची को बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को बच्ची के पीएम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुकु कश्यप की 12 वर्षीय बेटी जयमति जो मुंडापाल गांव के स्कूल में कक्षा 6वीं की छात्रा थी। सोमवार की रात को घर में टीवी देखने के लिए जैसे ही सेट टॉप बॉक्स को पकड़ा तभी करंट लगने के कारण बेहोश हो गई। जयमति के बेहोश होते ही घर में मौजूद बच्चों ने आसपास के लोगों के साथ ही परिजनों को सूचना दिया। बच्ची को बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजननों को सैंप दिया है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का बुरा हाल है।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार 13 मई को कक्षा दशम और कक्षा द्वादश के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए । इस वर्ष कक्षा द्वादश और कक्षा दशम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ (प्रथम एवं द्वितीय पाली) णिाम उत्कृष्ट रहा। प्रथम पाली में द्वादश कक्षा में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 123 थी। कक्षा




12वीं मे विज्ञान संकाय में मोहम्मदता हिरने 472/500 (94.4%) अंक प्राप्त किया जो प्रथम पाली में विद्यालय का सर्वोच्च प्रदर्शन रहा। ध्रुवदत्त ने वाणिज्य संकाय में 90.8 फ़ीसदी अंक प्राप्त किए तथा मानविकी संकाय में आस्थाचंद्र 90.8 फ़ीसदी अंको के साथ अग्रिणी रही। वहीं दूसरी तरफ कक्षा दशम की परीक्षा में कुल 139 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमे काजल कुमारी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कार्तिकेय पाण्डेय और पदमा जोशिका क्रमशः96.6% और 96.4% प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय की प्रथम पाली की उप प्राचार्या श्रीमती पूनम शाह एवं द्वितीय पाली के उप प्राचार्य श्री रामनिवास मीणा ने भी सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनायें दीं।

## चिंतन

# चुनाव प्रचार भाषणों में न टूटे भाषा की मर्यादा

चार चरण के चुनाव होने तक चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के संबोधन की भाषा में काफी गिरावट आई है। नेताओं ने विरोधी पर प्रहार के दौरान शब्दों की मार्यादाओं को अनेक बार लांघा है। चुनाव वैचारिक लड़ाई है, सभी दलों की आकांक्षा सरकार में आकर देश सेवा ही है, इसके बावजूद देश के अपने ही विरोधी नेताओं के लिए टपोरी भाषा, अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल आदि चिंता पैदा करती है। आचार संहिता लागू होने के बाद से यह दूसरी बार है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नेताओं से मर्यादित भाषा के प्रयोग की अपील की है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को ऐसे 'अच्छे उदाहरण' पेश करने चाहिए, जिनकी उनसे उम्मीद की जाती है। आयोग ने कहा है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान नहीं पहुंचे, इसके लिए चुनाव के शेष चरणों में अपने चुनावी भाषणों को सही करना प्राथमिक रूप से नेताओं की जिम्मेदारी है। 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। यूं तो आयोग ने दावा किया है कि उसने आचार संहिता उल्लंघन के 90 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर दिया है और कांग्रेस एवं भाजपा की कुछ शिकायतों को छोड़कर पार्टियों की ओर से कोई बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। चुनाव के दौरान किस तरह की भाषा बोली जाय और किस तरह के शब्दों के प्रयोग नहीं किए जाएं, इसको लेकर निर्वाचन आयोग की सख्त गाइडलाइन है। सुप्रीम कोर्ट ने भी विभाजनकारी, अमर्यादित भाषा इस्तेमाल नहीं करने की सख्त हिदायत पूर्व में दी हुई है। आयोग के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता लागू हुए करीब दो महीने पूरे होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का प्रचार मुख्यतः हिंसा मुक्त, कम शोरगुल व कम कोलाहल वाला और प्रलोभन से मुक्त रहा है। चुनाव संबोधन के दौरान, विभाजनकारी बातें, प्रलोभन देना, विरोधी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना, नेताओं पर व्यक्ति प्रहार करना, सामाजिक तानेबाने के खिलाफ बोलना, जाति, समूह य संप्रदाय के खिलाफ बोलना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता की पालना का दायित्व केंद्रीय निर्वाचन आयोग का है, इसलिए उसे नजीर पेश करना चाहिए। सबसे चिंता की बात है कि कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग किसी भी दल के बड़े नेता, जो आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेकर कोई नया उदाहरण पेश नहीं करता है। केवल हिदायत देने, चेताने और नसीहत देने से बात नहीं बन रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन चुनाव दर चुनाव बढ़ता ही जा रहा है। चुनावी भाषणों के दौरान राजनीतिक दलों के बीच शाब्दिक फिजा इतनी खराब हो जाती है कि वैचारिक मतभेद मनभेद और वैमनष्यता में बदल जाते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी दल देश के हैं, नेता देश के हैं, लक्ष्य देश सेवा है, लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों महत्वपूर्ण अंग हैं, ऐसे में नेताओं को अपने विरोधियों के लिए मर्यादित, संस्कारित भाषा का इस्तेमाल ही करना चाहिए। कांग्रेस को देखना चाहिए कि पूर्व में उसके नेताओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं के लिए कितनी बार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है? चुनाव आयोग अगर शुरू से सख्त कार्रवाई करती रहती तो, भाषा की मर्यादा इतनी नहीं गिरती। पक्ष व विपक्ष दोनों ओर के नेता अपने संबोधनों में भाषा की मर्यादा व गरिमा बनाए रखें।

# दो चेहरों वाली अदालत



करवट
कुमार प्रशांत

मैं परेशान हूं कि देश में एक न्यायपालिका है लेकिन उसके दो चेहरे हैं। किंवदंति है कि रावण के कई सर थे- दशानन; लेकिन यह नहीं कहा जाता है कि वे सारे सर भिन्न-भिन्न बातें बोलते थे। सर भले कई हों, वे सब एक ही तरह से सोचते-करते हों तभी व्यवस्था की गाड़ी चल सकती है। ऐसा न हो तो कोई भी व्यवस्था नहीं चल सकती है - खास कर न्यायपालिका ! यहां दो तरह की मनोभूमिका बेहद चिंताजनक व खतरनाक होती है।

हमारी न्यायपालिका का एक चेहरा सर्वोच्च न्यायालय की उस खंडपीठ का है जिसने कुल जमा 50 से अधिक दिनों तक जेल में रहने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से रिहा कर दिया, कुल जमा 22 दिनों के लिए, 2 जून 2024 को उन्हें वापस जेल लौट जाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय की संजीव खन्ना-दीपांकर दत्ता खंडपीठ ने जो आदेश दिया है उसके मुताबिक केजरीवाल इस बीच मुख्यमंत्री की हैसियत से कोई भी काम नहीं कर सकेंगे, दफ्तर भी नहीं जा सकेंगे, फाइलें भी नहीं निबटा सकेंगे लेकिन वे अपनी पार्टी व अपने गठबंधन का देशव्यापी चुनाव प्रचार कर सकेंगे। सारे सरकारी प्रशासन ने व अब मोदी-तंत्र बन चुके ईडी, इंकमटैक्स जैसे संस्थानों ने हर तरह का तर्क आजमाया ताकि केजरीवाल को चुनाव खत्म होने तक जमानत न मिल सके लेकिन अदालत ने उनके सारे तर्कों को खारिज करते हुए केजरीवाल को सशर्त जमानत दे दी। कहा : " अरविंद केजरीवाल के बारे में आरोपियों ने यह ठीक ही ध्यान दिलाया है कि अक्टूबर 2023 से गिरफ्तारी तक भेजी ईडी की 9 नोटिसों-समन की उन्होंने उपेक्षा की. उनके मामले में यह प्रतिकूल तथ्य है लेकिन इस मामले में दूसरे भी कई तथ्य ऐसे हैं कि जिन पर ध्यान देना जरूरी है। आरोपी दिल्ली का मुख्यमंत्री है, एक राष्ट्रीय पार्टी का नेता है। इसमें शक नहीं कि उस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं लेकिन अभी तक वे सिद्ध नहीं हुए हैं। उनका पहले का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। वे समाज पर किसी तरह का खतरा नहीं हैं यह कहने की जरूरत नहीं है कि लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है जो अगले पांच साल के लिए देश की सरकार का फैसला करेगा। इसलिए हम आरोपियों के इस तर्क को खारिज करते हैं कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना सामान्य नागरिकों की तुलना में राजनेताओं का विशेष सुविधाप्राप्त वर्ग बनाना हो जाएगा।' इस तर्क के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने सत्तापक्ष की सारी कोशिशों को धता बताते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

जैसा कि अदालत ने कहा है कि अंतरिम जमानत का मतलब केजरीवाल को अपराधमुक्त घोषित करना नहीं है, ठीक उसी तरह मैं भी यह साफ कर दूं कि मेरे इस लेख का मतलब कोई ऐसा न निकाले कि मैं केजरीवाल की सरकारी व निजी नीतियों का समर्थन कर रहा हूं। मैं कहना यह चाह रहा हूं कि खन्ना-दत्ता पीठ ने जिस तरह इस मामले को सरकारी धौंस व कानून की मृत बारीकियों से बाहर निकल कर समझने व समझाने की कोशिश की, उससे सर्वोच्च न्यायालय का कद बड़ा हुआ है व लोकतंत्र के पांव मजबूत हुए हैं।



लेकिन यही न्यायपालिका जब पुणे में विशेष सुनवाई के लिए बैठती है, तब उसकी चेतना व समझ को लकवा क्यों मार जाता है ? जिस दिन केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का फैसला सामने आया, उसी 10 मई को 11 साल पुराने डॉ. नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड का फैसला भी सामने आया। यहां अदालत मामले की नजाकत को समझने में पूरी तरह विफल रही। समाज में फैली अंधश्रद्धा न्याय की किसी भी अवधारणा को सदियों से विफल करती हुई, अट्टहास करती आ रही है। हमारे सामाजिक जागरण व बौद्धिक सजगता का जैसा क्रूर मजाक अंधविश्वास फैलाने तथा उसकी आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध करने वालों ने किया है, करते आ रहे हैं, उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। यह इंसानी समझ को धता ही नहीं बताती है, बल्कि इंसानी कमजोरियों को निशाने पर ले कर समाज का मनोबल तोड़ देती है।

डॉ. दाभोलकर व उनकी अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने इसके खिलाफ मोर्चा खोला था। बौद्धिक-सांस्कृतिक-शैक्षणिक से ले कर प्रत्यक्ष प्रतिरोध का हर मंच उन्होंने इस्तेमाल किया। ऐसे एक आदमी की हत्या सनातन संस्था नाम के एक प्रतिगामी गंठजोड़ ने दिन-दहाड़े कर दी, तो यह एक व्यक्ति की ही नहीं, उस सामूहिक प्रयास की हत्या थी जो समाज को अंधविश्वासों के प्रति जाग्रत कर रहा था। 11 साल से पुलिस व अदालत अपराधी को पकड़ने व सामने लाने में लगी थी लेकिन दोनों इस कदर विफल रहते हैं कि विशेष जज पी.पी. जाधव कहते हैं : ' हमारे पास शंका करने के पर्याप्त कारण थे लेकिन पुलिस इनके खिलाफ पर्याप्त सबूत जुटाने में विफल रही।

अब न्यायपालिका को व समाज को सोचना यह चाहिए कि जिस 'व्यक्ति या संस्थान पर शंका करने के पर्याप्त सबूत थे', उसे 11 साल की कोशिश के बाद भी आप अपराधी सिद्ध नहीं कर पाए तो अदालत व पुलिस किस मर्ज की दवा हैं? अदालत व जज साहबान का एक ही, जी हां, एक ही काम है कि वे सच को खोज निकालें तथा अपराधी को बचने नहीं दें। आप देख भी रहे हैं, समझ भी रहे हैं, मान भी रहे हैं कि जो छूट रहे हैं वे हत्या जैसे जघन्य अपराध के अपराधी तो हैं, लेकिन जांच एजेंसियां, पुलिस आदि सही तरीके से जांच नहीं कर रही हैं। तो फिर अदालत क्या करेगी? मैं समझता हूं कि अदालत और जज साहबान की पेशेगत नैतिकता व संवैधानिक दायित्व कहता है कि उन्हें जांच एजेंसियों को कड़ा निर्देश देना चाहिए कि वे जांच में क्या-क्या ऐसा छोड़ रहे हैं जिससे मामला कमजोर पड़ रहा है, और उन्हें किस दिशा में जांच पूरी कर, नए साक्ष्य के साथ तुरंत अदालत के सामने उपस्थित होना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक अदालत न किसी को मुक्त करेगी, न हल्की सजा देगी बल्कि मुकदमा लंबित रहेगा तथा पुलिस व सरकार पर अदालत का दवाब बना रहेगा। पुणे की इस अदालत ने किस आधार पर मुकदमा बंद कर दिया या अपराधियों के लिए ऊपर की अदालत तक जाने का रास्ता बना दिया? ऊपरी अदालतों में तो मामलों की और भी धकमपेल है, तो मामला वहां भेज कर आप अपनी जिम्मेवारियों से कंधा झटकने भर का काम कर रहे हैं जो आपकी अयोग्यता सिद्ध करता है।

न्यायपालिका याद करे, और हमेशा याद रखे कि स्वतंत्रता के बाद दो-दो बार ऐसा हुआ है कि अपनी तटस्थता व साहस खो देने के कारण न्यायपालिका ने सारे राष्ट्र को शर्मिंदा किया है। पहली थी महात्मा गांधी की हत्या। उस मुकदमे ने हमारी न्यायपालिका के चेहरे पर ऐसी कालिख मली है जो कभी छूटेगी नहीं। नाथूराम गोडसे से ले कर सावरकर तक सभी उस हत्या के प्रमाणसहित सीधे गुनहगार थे। पुलिस व जांच एजेंसियां राजनीतिक दवाब व भय से तथा अपनी पक्षधरता से उस तरह जांच नहीं कर रही थीं जिस तरह करने की जरूरत थी. तब जज साहब क्या कर रहे थे? तब सरकार क्या कर रही थी? क्या अदालत सावधान थी कि वह किसी भी स्तर पर अपराधी को बचने का मौका नहीं देगी ? क्या सरकार सावधान व प्रतिबद्ध थी कि वह अपनी मशीनरी को किसी भी स्तर पर कोताही बरतने नहीं देगी? गांधी-हत्या पर लिखी गई प्रायः हर किताब में अदालत के व सरकार के रवैये पर गहरा क्षोभ दर्ज है तो इसी कारण से। गांधी से दाभोलकर तक की हत्या में हत्यारे इतनी लंबी दौड़ लगा चुके हैं लेकिन अदालत आज तक बैठी है कि न्याय के लिए जरूरी प्रमाण उसके पास चलकर आएंगे?

ऐसा ही तब भी हुआ जब लोकतंत्र की समझ व उसके प्रति प्रतिबद्धता की परख करने आपातकाल देश के सामने आया। जयप्रकाश नारायण ने मामला आसान बना दिया था - यह लोक बनाम तंत्र की लड़ाई है। उन्होंने पक्ष-विपक्ष की राजनीति से एकदम अलग, एक नया ही विमर्श देश में खड़ा कर दिया था : लोक की व्यापक असहमति को कुचलने का अधिकार किसी भी तंत्र के पास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा -लोकतंत्र किसी सरकार का मामला नहीं है। लेकिन उस नाजुक कालखंड में हमारी न्यायपालिका निरक्षर भट्टाचार्य साबित हुई. वह तो जिस संविधान की रक्षा की शपथ लेती है, उसकी ही भक्षक बन गई। उसने तो 'कानूनी संप्रभु' को 'संवैधानिक संप्रभु' का आका घोषित कर दिया। उस कलंक को धोने में न्यायपालिका को वैसी हिम्मत व दूरदृष्टि बार-बार दिखानी होगी जैसी केजरीवाल की अंतरिम जमानत के प्रश्न पर खन्ना-दत्ता की खंडपीठ ने दिखाई। न्यायपालिका सतत संविधान की कसौटी पर होती है और लोक हमेशा ही संविधान का संरक्षण चाहता है, यह लोकतांत्रिक दायित्व संविधान ने न्यायपालिका की गांठ में बांध दिया है। यह गांठ कमजोर होगी या भुला दी जाएगी तो न्यायपालिका जितने भी चेहरे लगा ले, वह स्याह ही होता जाएगा।

(लेखक के ये उनके अपने विचार हैं।)

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड पर्यटन में देखने वाली खूबसूरत जगह में शामिल जिनेवा भी है जिसे स्विट्ज़रलैंड का सबसे शांत शहर माना जाता है। स्विट्ज़रलैंड चॉकलेट्स और घड़ियों के लिए बहुत फेमस देश है और जिनेवा इन व्यवसाय का केंद्र है।

## पूर्ण हृदय से किया गया प्रयास विफल नहीं होता



संकलित
दर्शन

ईश्वर का साक्षात्कार करना जितना आसान है, उतना ही यह कठिन भी है। इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने के साथ-साथ, ईश्वर की कृपा का होना भी आवश्यक है। सांसारिक अभिलाषाओं से दूर रहते हुए, प्रभु के प्रति विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण हृदय से प्रयास करने वाला भक्त कभी असफल नहीं होता। श्वर साक्षात्कार केवल योगी के अत्यधिक प्रयास और ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है। यद्यपि ईश्वर तक नियम का पालन करने से भी पहुंचा जा सकता है। तथापि, हृदयों का अन्वेषक होने के कारण वे अपनी कृपा प्रदान करने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहते हैं कि भक्त वास्तव में उन्हें चाहता है। जो संपूर्ण हृदय से उन्हें नहीं चाहता है। उस भक्त को प्रभु अंतिम प्रबोधन नहीं देते, चाहे वह योग के विज्ञान में कितना भी निपुण हो। ईश्वर को प्रसन्न करना एकदम बहुत आसान एवं बहुत कठिन है। परीक्षणों की घड़ी में भी वे अपने भक्तों के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं, और वे उनकी हर समय परीक्षा लेते हैं। मूर्खता में पूरे दिन को गंवा देना कितना आसान है, और उपयोगी कार्यों एवं विचारों से दिन को भरना कितना कठिन है! फिर भी ईश्वर की इसमें कोई विशेष रुचि नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं, जितनी इसमें है कि हमारा मन कहां है। प्रत्येक व्यक्ति की कठिनाई भिन्न है, परंतु ईश्वर कोई भी बहाना नहीं सुनते। वे चाहते हैं कि भक्त का मन किसी भी प्रकार की कष्टप्रद परिस्थितियों के होते हुए भी, उनमें तल्लीन रहे।

## जो होता है अच्छे के लिए होता है



संकलित
प्रेरणा

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।/" राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर, राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि /"इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?

## जंगल की आग

रोहित कौशिक



# वन संपदा बचाना प्राथमिकता हो

इस समय उत्तराखंड के अनेक भागों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग के कारण वन सम्पदा को काफी नुकसान हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है तो कभी निहित स्वार्थों के कारण जानबूझकर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है तो जंगलों में आग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर द्वारा जारी रिपोर्ट 'मैनेजिंग फारेस्ट फायर इन चेजिंग क्लाइमेट' में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है। इस अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों के दौरान देश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगलों पर भीषण आग लगने की संभावना के कारण सबसे ज्यादा खतरा है। रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारों या राज्य के वन विभागों को सरकारी स्कूलों और सामुदायिक हाल जैसे सार्वजनिक भवनों को ऐसी आपदाओं के लिए तैयार करना चाहिए। इन भवनों में स्वच्छ हवा के लिए एयर फिल्टर जैसे उपायों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि जंगलों में आग लगने के दौरान आग और धुएं से बचा जा सके। इसके साथ ही जंगल में आग रोकने और उससे लड़ने के लिए एक विशेष रूप से प्रशिक्षित कैडर तैयार करना चाहिए। सरकारों को जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए रीयल-टाइम अलर्ट सिस्टम भी विकसित करना चाहिए। इस अध्ययन में बताया गया है कि पिछले दो दशकों में जंगल में लगने वाली आग के 89 प्रतिशत से ज्यादा मामले उन जिलों में दर्ज किए गए हैं, जो या तो सूखे से प्रभावित हैं या फिर वहां मौसम में परिवर्तन देखा गया है। जंगल में आग लगने की अत्यधिक घटनाओं वाले कुछ ऐसे जिले हैं, जहां पहले बाढ़ का खतरा होता था लेकिन अब वहां सूखे की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए किसी एक कारक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पहाड़ों में ऐसी घटनाओं के इतिहास को देखते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती है। एक अध्ययन के अनुसार पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और समुद्र तटीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की समस्या बढ़ती जा रही हैं। इस आग से लोगों का स्वास्थ्य, पर्यटन अर्थव्यवस्था और परिवहन उद्योग गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में आग से नष्ट होने वाले 90 फीसदी जंगल भारत के हैं। पहाड़ों पर चीड़ के वृक्ष आग जल्दी पकड़ते हैं। दरअसल पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जूझना आसान नहीं है। गौरतलब है कि पिछले दिनों नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जंगलों की आग पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि पर्यावरण मंत्रालय और अन्य प्राधिकरण वन क्षेत्र में आग लगने की घटना को हल्के में लेते हैं। अब समय आ गया है कि हम जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस योजनाएं बनाएं। आग से निपटने के फौरी उपाय तात्कालिक रूप से प्रभावी हो सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को कम नहीं कर सकते। बेहतर भविष्य के लिए वन सम्पदा बचाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हमें समझना होगा कि जंगलों की आग का खामियाजा हर हाल में हमें ही भुगतना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रात में सुरक्षा व्यवस्था

राजधानी में रात की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहती है। रात 12 बजे के बाद सड़कों पर पुलिस नदारद रहती है। ऐसे में अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। रात में अचानक कोई काम से निकल जाए, जो वह भयभीत रहता है। पहले चौक-चौराहों पर पुलिस नजर आ जाती थी। अब न पुलिस दिखते हैं और न ही पुलिस की गाड़ियां। राजधानी में जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आती। सुरक्षा अब वीआईपी तक ही सीमित रह गई है।

- विनय कुमार रायपुर

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस में गूंजा सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा

व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाई। एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में 'एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर' (एएएनएचपीआई) 'विरासत माह' का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था।




भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद एक साक्षात्कार में बताया, व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह एकदम अद्भुत था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही मैं व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाकर मेरा स्वागत किया। एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब व्हाइट हाउस में भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत बजाया गया।

## ऑफ बीट

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब गाने बना सकता है

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पाठ और छवि निर्माण उपकरण कुछ समय से हमारे आसपास मौजूद हैं, लेकिन हाल के सप्ताहों में एआई-जनित संगीत बनाने वाले ऐप भी उपभोक्ताओं तक पहुंच गए हैं। अन्य जेनरेटिव एआई टूल की तरह, दो उत्पाद - सुनो और यूडियो उपयोगकर्ता के संकेत को आउटपुट में बदलकर काम करते हैं। उदाहरण के लिए, 'सुनो' पर मेरे कुत्ते द्वारा मेरा होमवर्क चबा डालने के बारे में एक 'रॉक पंक गीत' के लिए संकेत देने से एक ऑडियो फ़ाइल तैयार होगी जो वाद्ययंत्रों और स्वरों को जोड़ती है। आउटपुट को एमपी3 फ़ाइल के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है।



अंतर्निहित एआई संगीत उत्पन्न करने के लिए अज्ञात डेटा सेट का उपयोग करता है। उपयोगकर्ताओं के पास गीत के लिए एआई को संकेत देने या अपने स्वयं के गीत लिखने का विकल्प होता है, हालांकि कुछ ऐप सलाह देते हैं कि एआई दोनों उत्पन्न करते समय सबसे अच्छा काम करता है। लेकिन ऐसा गीत संगीत रचने के बाद इन परिणामी ध्वनियों का मालिक कौन है? इन ऐप का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, यह विचार करने योग्य एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। और उत्तर सीधा नहीं है। सुनो का एक नि:शुल्क संस्करण और एक सशुल्क संस्करण है।

## ट्रेंड

### शांति की दिशा में काम करें



हम आज गाजा में मानवतावादी कार्यकर्ता और एक अन्य घायल की मृत्यु के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। इस युद्ध की कीमत बहुत से नागरिकों और मानवीय लोगों की जान को चुकानी पड़ी है। युद्धविराम करें और शांति की दिशा में काम करें।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### वीरों को भुलाया नहीं जाएगा



जून 1944 में नॉर्मंडी के समुद्र तटों पर उतरने वाले सैनिक अंधेरे में डूबे महाद्वीप के लिए आशा की किरण थे। डी डे 80 से पहले स्मरण की मशाल जलाना सौभाग्य की बात थी। इन वीर दिग्गजों की सेवा को भुलाया नहीं जाएगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### सांसद को सड़क पर उतारूंगा



जितना आप लोगों ने अपने सांसद को 10 सालों में नहीं देखा उससे कहीं ज्यादा बार 10 दिन में उनके दर्शन करवाऊंगा। आपकी समस्याओं पर आंख मूंदकर आपसे दूर आलीशान बंगले में रहने वाले सांसद को मैं सड़कों पर आपके बीच उतार कर दिखाऊंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

### भारत में स्टार्टअप की बूम



अमेरिका असाधारण स्टार्टअप बूम के दौर में है। स्टार्ट अप की बूम भारत समेत हर जगह है। ट्रैकर की आवश्यकता आरओआई और सतत विकास को बढ़ाने के लिए है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

वाराणसी में पीएम मोदी की लोगों से अपील

# दीया जलाकर, थाली-घंटी बजाकर लोगों को बूथ तक लाएं बूथ प्रबंधन के साथ ही पन्ना प्रभारियों को दिया जीत का मंत्र

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान पीएम के साथ सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे. इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से अपील की कि दस बजे के पहले दिया जला कर थाली बजा कर घंटी बजा कर भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक जरूर लाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए कहें। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।

*पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।*



## मतदान केंद्र को बताया लोकतंत्र का मंदिर

पीएम मोदी ने कहा कि मतदान केंद्र लोकतंत्र का मंदिर है। ऐसे में हर किसी को यहां आकर अपने मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर पहले से ज्यादा मतदान होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मेरी जीत जरूरी नहीं है पर हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। पीएम ने कहा कि उनकी जीत जरूरी नहीं बल्कि हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एक चुनाव का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि श्रीनगर में हुआ मतदान लोकतंत्र की जीत है। अगर वहां ऐसा मतदान हुआ है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए।

### सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख और हमारी बूथ समिति है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की अपनी जिम्मेदारी है कि वो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें, साथ ही अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें।

### पन्ना प्रमुख और बूथ समिति संगठन की मजबूत इकाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख व हमारे बूथ समिति हैं। आप लोग अपनी जिम्मेदारी के तहत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करें।

बंगाल में भाजपा टीएमसी में बवाल

## घोष की कार पर किया पथराव, जवान घायल

**कोलकाता।** बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।



कालना गेट में भाजपा के उम्मीदवार दिलीप घोष को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब वह कुछ शिकायतें मिलने के बाद एक मतदान केंद्र पर जा रहे थे। तृणमूल समर्थकों ने उनका रास्ता रोक लिया और 'वापस जाओ' के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता के काफिले पर भी पत्थर फेंके गए और इसके चलते कुछ कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पहुंचे महाराजगंज

## एनडीए का डबल इंजन फेल हो गया

**महाराजगंज।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग डबल इंजन सरकार की बात करते हैं,



जिसमें इनका एक इंजन फेल हो गया और दूसरा इंजन डिरेल हो गया। हमारी सरकार ने नेहरू जी और इंदिरा जी के शासनकाल में विकास का काम किया। हम पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ नहीं, विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। मोदी सरकार अमीरों के साथ है। हमारी सरकार मनरेगा लेकर आई। उन्होंने कहा कि यहां के भाजपा प्रत्याशी ने आपके लिए कोई काम नहीं किया है। महाराजगंज जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया।

## हैंडमेड पेपर पर बनी तस्वीर लेकर खड़ी थी बच्ची पीएम की पड़ी नजर, मंगाकर दी 'शाबाशी'

*वाराणसी। पीएम मोदी का रोड शो तुलसी द्वार से होकर गुजर रहा था। वहां अदिति अग्रवाल पहले से ही हैंडमेड पेपर पर पीएम मोदी की बनाया चित्र लेकर खड़ी थी। काफी उत्साहित थी। इस पर जब पीएम की नजर पड़ी तो अपने वाहन से ही पूछा, क्या आपने यह पेंटिंग बनाई है? इस पर अदिति ने हां कहा। पीएम ने शाबाशी का इशारा किया और अपने सुरक्षाकर्मियों से वह पेंटिंग मंगाई।*

झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे

### नक्सल-आतंक खत्म करेंगे, चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा

*पीएम मोदी गिरिडीह में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में नक्सली सिर उठाते थे। भाजपा सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। मोदी को टकराना आता है। झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ गया है। आतंक हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। नक्सवाद ने कई मांओं के सपने कुचल दिए है। पीएम ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा हूं। ये तो शुरुआत है।*

### बिरनी प्रखंड में लगे जय श्री राम के नारे

बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में जनसभा में कहा मैं सीधे काशी से आपके बीच आ रहा हूं। मुझे आने में विलंब हुआ, आप सब मुझे क्षमा करें। उन्होंने कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी को सुनने के लिए झारखंड के गिरिडीह स्थित बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में भारी संख्या में लोग पहुंचे। जय श्री राम के नारे लगाए।

बंगाल की जनसभा में शाह का दीदी पर पलटवार

## वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को कर रहीं समर्थन

**कोलकाता।** लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि भाजपा पहले चार चरणों में ही 270 सीटें जीतेगी। शाह ने बनगांव की रैली में कहा कि अभी तक देश की 380 लोकसभा सीट पर चुनाव हो चुके हैं, उनमें से मोदी जी 270 सीट जीतेंगे। एक दिन पहले बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा था कि भाजपा सिर्फ 195 सीटें जीत पाएगी। इंडिया अलायंस 315 सीटें जीतेगा। शाह ने कहा कि दीदी वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ होने देती हैं, लेकिन सीएए का विरोध कर रही हैं। ममता दीदी कभी भी सीएए लागू होने से नहीं रोक सकतीं। वे झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा। उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती।



### विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते केजरीवाल...

शाह ने कहा है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 2 जून को तिहाड़ जेल में फिर जाएंगे। उन्हें गिरफ्तारी के कारण राज्यों में सहानुभूति मिलेगी? शाह ने कहा, केजरीवाल विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते। अदालत ने उनके दावे को खारिज कर दिया है।

### किसी को नहीं छोड़ा जाएगा

शाह ने बनगांव की सभा में कहा कि चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

अमेठी में प्रियंका ने किया प्रचार

## रिश्ता बनाने में स्मृति को लगेंगे 40 साल

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी इन दिनों पार्टी के चुनावी सभाओं में जुटी हैं और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अमेठी में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सांसद स्मृति इरानी को लेकर कहा वे अपने राजनीतिक मकसद के साथ अमेठी आई थी।



उन्हें रिश्ता बनाने में 40 साल लगेगा। प्रियंका ने कहा कि वह गांव-गांव में जा रही हैं। जब छोटे थे तब भी आते थे। चाहे हम सांसद रहें या ना रहें इससे हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। जनता और नेता के बीच एक आदर का रिश्ता था। वो अब नहीं निभाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### भीमा कोरेगांव मामले में नवलखा को जमानत

**नई दिल्ली।** भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में आरोपी गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने नवलखा को जमानत देने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर लगी रोक को हटा दी है। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ नवलखा की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। फैसला न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने किया।

### होर्डिंग गिरने से मृतकों की संख्या 14 तक पहुंची

**मुंबई।** आंधी-तूफान की वजह से मुंबई के घाटकोपर में एक 100 फीट लंबा होर्डिंग ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई।43 घायलों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि 31 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा जिमखाना के पास सोमवार की शाम साढ़े 7 बजे के करीब हुआ था।

सिसोदिया पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में ईडी के वकील ने कहा

केजरीवाल की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम

## आप को भी बनाएंगे आरोपी और पूरक आरोप पत्र करेंगे दाखिल

### आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में बहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर वकीलों में जोरदार बहस हुई। आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

इस दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से वकील दयान कृष्णन पेश हुए और उन्होंने अपनी दलीलें रखी। वकील दयान कृष्णन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार आरोपियों की ओर से मुकदमे में देरी करने के लिए एक संगठित प्रयास किया गया था। मैं पूछता हूं, इसका आधार क्या है? वहीं ईडी के वकील जुहैब हुसैन ने बताया कि आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपी बनाया जाएगा और पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।




### सिसोदिया के वकील बोले-केस में नहीं हो रही प्रगति

सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी ने 540 पन्नों के दस्तावेज रिकॉर्ड में दर्ज करने आवेदन दायर किया। यह आवेदन पहली शिकायत के एक साल से ज़्यादा समय बाद और चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के 4 महीने बाद दायर किया गया। अब छठी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की गई है, उनका आरोप था कि मामले में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

### ईडी के वकील ने पेश की ये दलील

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने सिसोदिया की जमानत खारिज करने के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि नए सिरे से दायर की गई जमानत याचिका की जांच गुण-दोष के आधार पर की जानी चाहिए। हुसैन ने सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया।

### गुण-दोष के आधार पर हो विचार

हुसैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को गुण-दोष के आधार पर तय करने का विवेकाधिकार नहीं छीना है। यह महज इसलिए जमानत का स्वतः मार्ग नहीं है। मैं दिखाऊंगा कि ट्रायल कोर्ट के पूर्ववर्ती जज और इस ट्रायल कोर्ट को अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ कैसे टिप्पणियां करनी पड़ीं।

### कविता की सुनवाई टली

आबकारी नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जेल में बंद के. कविता सहित अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा



दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर सुनवाई टल गई। कोर्ट 20 मई को सुनवाई करेगा। इस मामले में ईडी अब तक कुल सात चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें से एक मुख्य चार्जशीट है और छह अन्य सप्लीमेंट्री चार्जशीट हैं।

मद्रास हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

## गर 'उत्तराधिकार' की गलत जानकारी दी तो होगी जेल



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने राजस्व प्रशासन आयुक्त को निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अगर किसी ने भौतिक तथ्यों को छिपाकर या गलत जानकारी देकर कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग के लिए आवेदन किया है तो उस पर मुकदमा दर्ज करने के लिए पूरे तमिलनाडु के सक्षम राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी करें। न्यायमूर्ति एसएस सुब्रमण्यम ने यह निर्देश एम मारान्नान द्वाया दायर एक याचिका का निपटारा करते हुए दिया।

मारान्नान ने कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था, जिसे मेट्टुपालयम, कोयंबटूर के तहसीलदार ने खारिज कर दिया था। इसी आदेश को चुनौती देने के लिए मारान्नान ने हाईकोर्ट का रुख किया।

पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा

### सीबीआई में स्टाफ की कमी, पूर्ति करें



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के तहत आने वाली प्रमुख जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्टाफ की भारी कमी है। इससे उसकी जांच की गति प्रभावित हो रही है। यह कबूलनामा खुद सीबीआई ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में किया है। पिछले दिनों सीबीआई ने हाई कोर्ट को सौंपे हलफनामे में कहा कि वह 'कर्मचारियों की भारी कमी' का सामना कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने हरियाणा सरकार को अपने अधिकारी सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का निर्देश दिया है।

लद्दाखः भाजपा के सामने आसान नहीं जीत की हैट्रिक लगाना!

## इंडी गठबंधन की फूट में कांग्रेस प्रत्याशी के सामने नेकां बागी प्रत्याशी ने ठोंकी ताल

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार लद्दाख लोकसभा सीट पर चुनाव बेहद दिलचस्प मोड़ पर जाता नजर आ रहा है, जहां पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा है। इस सीट पर विपक्षी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर भाजपा के सामने बड़ी चुनौती थी, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ कारगिल जिले की कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की इकाई ने बगावत करके संयुक्त रूप से निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देकर कांग्रेस और भाजपा के बीच माने जा रहे मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इसके बावजूद भाजपा के लिए इस सीट पर जीत की हैट्रिक बनाने की चुनौती



हनीफा जान



ताशी ग्यालसन



त्सेरिंग नामग्याल

कम नहीं है, क्योंकि यहां लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन भाजपा के लिए सिरदर्द बन सकता है। बहरहाल यहां त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

देश के संसदीय इतिहास की दृष्टि से लद्दाख लोकसभा सीट इसलिए भी ज्यादा महत्व रखती है कि इस लोकसभा सीट के दायरे में जहां लद्दाख में सबसे कम आबादी वाले कारगिल और लेह जिले नियंत्रण रेखा की जद में हैं। लद्दाख ऐसा केंद्र शासित प्रदेश हैं, जहां अभी तक अपनी विधानसभा नहीं है। लद्दाख में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद केंद्र शासित राज्य घोषित होने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहा है। 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में यह सीट जम्मू-कश्मीर राज्य की छह सीटों में शामिल थी। लेकिन उसके बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग करके केंद्र शासित राज्य घोषित होने से लद्दाख लोकसभा सीट के सियासी समीकरण बदलना भी स्वाभाविक है। लद्दाख को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर वहां के लोग आंदोलन करते आ रहे हैं, जिसे भाजपा के खिलाफ विपक्ष सियासी तौर पर भुनाने का प्रयास कर रहा है। जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रत्याशी त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर नए चेहरे के रूप में ताशी ग्यालसन पर दांव खेला है। जबकि इस सीट पर तीसरे प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मोहम्मद हनीफा जान चुनाव मैदान में है।

### दो लाख से कम मतदाता

लद्दाख लोकसभा सीट पर तीन प्रत्याशियों के सामने 1,82,571 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना है, जिसमें 91,703 पुरुष और 90,867 महिला मतदाता शामिल है।

### विपक्ष में फूट की सियासत

भाजपा को इस सीट पर तीसरी जीत हासिल करने का इसलिए भरोसा बढ़ गया है कि इंडिया गठबंधन में यहां कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ बगावत ने मुश्किलें खड़ी कर दी है। कारगिल जिले की कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की इकाई ने बगावत करके संयुक्त रूप से इस्तीफे दे दिए और नेशनल कांफ्रेंस के बागी नेता मोहम्मद हनीफा को निर्दलीय प्रत्याशी के ररूप में उतारकर कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने से इंकार कर दिया है। कारगिल एकजुट होकर लद्दाख की राजनीति पर हावी होने का प्रयास कर रहा है। दोनों को यहां चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकनी पड़ रही है। कारगिल के सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने सियासी स्थिति को भांपते हुए नेकां के बागी हाजी हनीफा जान को निर्दलीय मैदान में उतार कर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

### ये है चुनावी इतिहास

पर्यटन क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध लद्दाख सीट 1967 में अस्तित्व मे आई थी। इस सीट पर अभी तक 13 लोकसभा चुनाव में पहले 5 चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। 1989 में निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद हसन कमांडर ने कांग्रेस का रथ रोका। 1996 में फिर कांग्रेस ने छठी जीत हासिल की। यहां लगातार दो बार जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस ने कब्जा किया। 2004 और 2009 के चुनाव में यहां फिर निर्दलीय प्रत्याशियों ने लोकसभा में प्रवेश किया। पिछले दो चुनाव में यहां भाजपा के थुपस्तान छेवांग ने पहली बार भगवा लहराया, 2019 में यहां भाजपा के युवा जामयांग सेरिंग नामग्याल ने शानदार जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप

### मैक्रोटेक डेवलपर्स भूखंड हासिल करने करेगी निवेश

**मुंबई।** रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में जमीन के टुकड़ों के अधिग्रहण के लिए 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह निवेश नए भूखंडों का अधिग्रहण करने और भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौतों के जरिये किया जाएगा। मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के सीईओ अभिषेक लोढ़ा ने विश्लेषकों के साथ वार्ता में कहा कि कंपनी नए कारोबार के विकास पर 3,500-4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### टीवीएस श्रीचक्र ने पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला

**चेन्नई।** टीवीएस यूरोग्रिप, यूरोग्रिप और टीवीएस टायर्स ब्रांड के तहत दोपहिया तथा तिपहिया टायर बनाने वाली कंपनी टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड ने शहर में अपना पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला है। कंपनी का मकसद अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। बयान के अनुसार, वेलाचेरी स्थित स्टोर 'यूरोग्रिप टायर्स' से कंपनी के टायर और ट्यूब की पूरी श्रृंखला की खुदरा बिक्री की जाएगी।

### भारत के नंबर 1 खाद्य तेल ब्रांड फॉर्च्यून ने परंपरा को पुनर्जीवित किया

**मुंबई।** सबसे बड़ी खाद्य एवं एफएमसीजी कंपनियों में से एक और भारत की प्रमुख खाद्य तेल कंपनी, अदाणी विल्मर लिमिटेड (एडब्ल्यूएल) ने फॉर्च्यून पहली धार फर्स्ट-प्रेस्ड मस्टर्ड ऑयल के लॉन्च की घोषणा की है। यह लॉन्च, सरसों के तेल की श्रेणी के स्तर को बढ़ाकर एक प्रीमियम उत्पाद पेश करेगा, जो असाधारण स्वाद, शुद्धता एवं परंपरा के प्रशंसक ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करेगा। इस ब्रांड के फर्स्ट-प्रेस्ड सरसों के तेल का लॉन्च उपभोक्ताओं को उत्पाद के मूल तत्व के करीब ले जाएगा, जिसे पारंपरिक लकड़ी के कोल्हू वाली तकनीक का उपयोग कर राजस्थान से प्राप्त बेहतरीन सरसों से निकाला गया है। हल्की पेराई (जेंटल प्रेसिंग) की प्रक्रिया तेल के प्राकृतिक आवश्यक तत्वों को बरकरार रखती है और संरक्षित करती है, जिसके परिणामस्वरूप हर एक बूंद गुणवत्ता पूर्ण होती है और उपभोक्ता सरसों की वास्तविक सुगंध, गहरा प्राकृतिक रंग और ऐसे स्वाद का अनुभव कर सकते हैं जो खाना पकाने की प्रक्रिया को नई ऊंचाई तक ले जाता है।

## लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी

# शाह की भविष्यवाणी से दूसरे दिन भी झूमा शेयर बाजार, निफ्टी-सेंसेक्स बने रॉकेट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में देश के चुनावी माहौल के बीच एक इस हफ्ते तेजी वापस लौटी है। आज यानी मंगलवार 14 मई को भी लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार किया। इससे पहले सोमवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के साथ खुला था, लेकिन करीब 11 बजे इसने रिकवरी शुरू कर दी थी।

इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भारतीय शेयर बाजार को लेकर बड़ा बयान सामने आया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी। इसलिए 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। शाह ने कहा कि बाजार की चाल को सीधे चुनाव से जोड़ना बुद्धिमानी नहीं है। शायद ये गिरावट कुछ अफवाहों की वजह से हुई। पहले भी बाज़ार में अधिक गिरावट आई है।

### शेयर बाजार पर अमित शाह की टिप्पणी

बता दें कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद अमित शाह भारतीय शेयर बाजार के लिए को लेकर आशावादी हैं और गिरावट को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। पिछले हफ्ते बाजार में गिरावट के बावजूद गृह मंत्री शाह ने कहा है कि शेयर बाजार में तेजी जारी रह सकती है, इसलिए जिन्हें शेयर खरीदना है, वे 4 जून से पहले शेयर खरीद लें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में कहा- चुनाव परिणाम के बाद भारतीय शेयर बाजार में तेजी आएगी।



### मंगलवार को कैसी है बाजार की चाल

*मंगलवार को स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी ने 50 करीब 125 अंकों के उछाल के साथ 22200 से ऊपर कारोबार किया। वहीं बीएसई सेंसेक्स 375 प्वाइंट की बढ़त के साथ 73150 के आसपास है। सोमवार को मार्केट के शुरुआती सेशन में निफ्टी 21821 तक टूट गया था, लेकिन बाद में इसमें करीब 300 अंकों की जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली।*

### पिछले सप्ताह रही अस्थिरता की स्थिति

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते अस्थिरता में बढ़ोतरी, सपाट क्यू4 रिजल्ट, लोकसभा चुनाव अनुमान और फाइल्स की ओर से लगातार सेलिंग समेत कई वजहों के चलते शेयर बाजार गिरावट पर चल रहा था। 13 मई को इंडिया वीआईएक्स भी बड़े उछाल के साथ अपने 52 हफ्ते के हाई 21.14 के स्तर पर पहुंच गया।

### स्थिर सरकार में बाजार का प्रदर्शन बेहतर

*अमित शाह ने कहा कि जब देश में स्थिर सरकार होती है तो बाजार शानदार प्रदर्शन करता है। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में वापस लौट रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में 283 सीटों पर हुए मतदान में से 190 पर जीत दर्ज करने का अनुमान लगाया है।*

### 3 मई को ऑलटाइम हाई पर पहुंचा था निफ्टी

*बता दें कि फ्रंटलाइन इंडेक्स निफ्टी इसी महीने 3 मई अपने ऑलटाइम हाई लेवल 22794 पर पहुंचा था और तब से करीब 4% से अधिक नीचे आया। हालांकि, इंडेक्स अभी भी पिछले 6 महीने में 12% से अधिक और सालभर में लगभग 20% ऊपर है।*

## अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर ने रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में अंतर-विभागीय खेल टूर्नामेंट-2024 का आयोजन किया। टूर्नामेंट में संबलपुर मंडल के सभी विभागों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक श्री तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह ने सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला आरपीएफ-11 और विद्युत (परिचालन)-11 के बीच खेला गया। विद्युत (परिचालन) की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 15 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में आरपीएफ की टीम ने 15 ओवर में 9 विकेट पर 121 रन बनाया। विद्युत (परिचालन) टीम ने फाइनल मैच 26 रन से जीता। इस टीम के आशुतोष पति को मैन ऑफ द मैच और के शशिकांत दास को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।



### रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित

**संबलपुर।** संजय ओराम, टी.एम-IV/इंजीनियरिंग, नोरला रोड, देबेंद्र कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीशियन/सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी, नबीन कुमार धरुआ, तकनीशियन-I /सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी और प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक लोको पायलट/ अंबोदला को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया।



### वीआईटी के संस्थापक एवं चांसलर डॉ.जी. विश्वनाथन को मिली प्रतिष्ठित स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यूयॉर्क से डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक और चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने हाल ही में यूएसए में बिंघमटन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क (एसयूएनवाई) से मानद डॉक्टर ऑफ लॉ की डिग्री प्राप्त की है। बिंघमटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर द्वारा डॉ. जी. विश्वनाथन को यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. जी. विश्वनाथन को अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा में उनके योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। बिंघमटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर ने कहा, 'चांसलर विश्वनाथन भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और दुनिया भर के संस्थानों के साथ साझेदारी करने में अग्रणी रहे हैं।' बिंघमटन विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट डोनाल्ड हॉल, डीन प्रो. हरि कृष्णस्वामी, विधानसभा सदस्य सुश्री डोना ए. लुपार्डो, सीनेट सदस्य सुश्री लीया वेब्ब, वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, डॉ. सेकर विश्वनाथन और डॉ.जी.वी. सेल्वम, सहायक उपाध्यक्ष सुश्री कदम्बरी एस. विश्वनाथन और वीआईटी के अंतर्राष्ट्रीय संबंध निदेशक डॉ. आर. सीनिवासन भी दीक्षांत समारोह के दौरान उपस्थित थे।



### एमजी ने मनाया शताब्दी वर्षभारत में '100-ईयर लिमिटेड एडिशन' लॉन्च किया

**रायपुर।** 100 साल पुरानी विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) ने आज ब्रिटिश रेसिंग की पहचान बन चुके प्रतिष्ठित‡ एवरग्रीन‡ रंग की विशेषता वाला '100-ईयर लिमिटेड संस्करण' लॉन्च किया। एक सदी से अधिक के रेसिंग इतिहास का जश्न मनाता हुआ ये सीमित संस्करण मॉडल प्रदर्शन और शिल्प कौशल के सार को दर्शाता है। यह एमजी हेक्टर **INRINR** 21,19,800, **MG ZS EV INR** 24,18,000, **MG Astor INR** 14,80,800और **MG Comet INR INR** 9,39,800में उपलब्ध होंगे। ये संस्करण 'एवरग्रीन' एक्सटीरियर में तारों वाली काली फिनिश वाली छत और डार्क फिनिश वाले तत्वों के साथ टेलगेट पर '100-ईयर एडिशन' बैज के साथ आएंगे। इसके अतिरिक्त, इंटीरियर में ऑल-ब्लैक थीम है, जिसमें फ्रंट हेडरेस्ट पर '100-ईयर एडिशन' की कढ़ाई की गई है, जो रेसिंग की दुनिया के इतिहास का सम्मान करने के लिए स्पोर्टी कैरेक्टर प्रदान करती है। यह सीमित संस्करण कस्टमाइज की जा सकने वाले विजेट रंग के साथ 'सदाबहार' थीम वाली हेड यूनिट के साथ भी आएगा।

### थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईंधन और बिजली के साथ-साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है। फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा, ''अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण, अन्य विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।'' आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर बढ़कर 7.74 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 6.88 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.38 प्रतिशत रही, जो मार्च में शून्य से 0.77 प्रतिशत नीचे थी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति वैश्विक जिंस कीमतों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है, जिसमें साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। नायर ने कहा, '' पिछले कुछ महीनों में कई जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है। इसमें कच्चे तेल की कीमतें भी शामिल हैं जो अप्रैल में बढ़ीं।

- कंपनी डेढ़ साल पहले अपना आईपीओ लेकर उतरी थी बाजार में

## आईपीओ से मिले धन का किया दुरुपयोग, सेबी ने लगाया कंपनी पर बैन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पिछले 2-3 सालों के दौरान भारतीय बाजार में दनादन आईपीओ लॉन्च हुए हैं। शेयर बाजार के सुधरे माहौल और लगातार जा रही रैली का फायदा उठाकर न सिर्फ बड़ी कंपनियां, बल्कि एसएमई यानी छोटी कंपनियां भी इश्यू लेकर आ रही हैं। इस बीच बाजार नियामक ने बीते दिनों आईपीओ लाने वाली एक छोटी कंपनी के ऊपर बड़ी कार्रवाई की है, जो बाकियों के लिए सबक का काम कर सकती है। बाजार नियामक सेबी ने यह कार्रवाई वैरेनियम क्लाउड नाम की कंपनी के ऊपर की है। इस कार्रवाई में कंपनी के ऊपर सिक्योरिटीज मार्केट में बैन लगा दिया गया है। वैरेनियम क्लाउड के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टेड हैं। सेबी के एक्शन के बाद न तो कंपनी वैरेनियम क्लाउड और न ही उसके प्रबंध निदेशक अगले नोटिस तक सिक्योरिटी बाजार को एक्सेस कर सकते हैं।

### एमडी के ऊपर लगी ये रोक

*सेबी ने वैरेनियम क्लाउड के प्रबंध निदेशक के ऊपर सिक्योरिटी मार्केट से प्रतिबंध के अलावा भी एक्शन लिया है। बाजार नियामक ने कंपनी के एमडी को किसी भी सूचीबद्ध कंपनी या उसकी सब्सिडयरी कंपनियों में डाइरेक्टर बनने या अहम प्रबंधकीय पद संभालने से भी रोक दिया है।*

### मदर्सडे उत्सवः टोयोटा हिलक्स के साथ चुनौतियों पर जीत



**नई दिल्ली।** टोयोटा और उसके डीलरों ने मदर्सडे के सम्मान में, माताओं के लिए एक विशेष टोयोटा हिलक्स बूट कैंप का आयोजन किया। यह आयोजन ओटीआर एडवेंचर बलियावास, गुरुग्राम में आयोजित किया गया, जिसमें महिला प्रतिभागियों ने टोयोटा हिलक्स की मजबूत क्षमताओं और उत्साहजनक कौशल को अनुभव किया। टोयोटा हिलक्स ने उत्साहित माताओ के लिए बूटकैंप के ऑफ-रोडट्रैक मे एक आदर्श साथी के रूप में काम किया। महिला ड्राइवरों को प्रतिष्ठित टोयोटा हिलक्स की अद्वितीय 4ग4 क्षमताओं को और चुनौतीपूर्ण ऑफ-रोडट्रैक को अनुभव करने का अवसर मिला। इस विशेष बूटकैंप ने न केवल माताओं की निडर भावना का सम्मान किया, साथ ही सभी महिला प्रतिभागियों ने टोयोटा हिलक्स चलाने का एक आनन्दपूर्वक और सशक्त अनुभव प्राप्त किया।

### सोने में 200 रुपये की तेजी, चांदी 800 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन सोने में गिरावट रही और यह 200 रुपये टूटकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।हालांकि, चांदी की कीमत 800 रुपये उछलकर 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये की गिरावट है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,339 डॉलर प्रति औंस पर पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से आठ डॉलर की गिरावट है।

**एलाइड ब्लेंडर्स को आईपीओ के लिए मंजूरी मिली (नई दिल्ली)।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना सम्भावना भी बन रही है।

**वृष** — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है।

**मिथुन** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भौतिक सुखों के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**सिंह** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

ज्योतिष

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलन सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/-रु.

### प्रतियोगिता दर्पण का सिविल सेवा स्पेशल अंक अब बाजार में उपलब्ध

**आगरा।** प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण जून 2024 अंक सिविल सेवा स्पेशल के रूप में आज बिक्री के लिए जारी किया गया है । इस अवसर पर समूह के सम्पादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक में 'सिविल सेवा तथा पीसीएस (प्रा.)' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रकाशित किया गया है जिसका अध्ययन सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा ।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य विद्युत अभियंता/गति शक्ति इकाई/दिल्ली, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 ने अधोविख्यात काम के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है अतः दिनांक **15.05.2024** को इसे आईआरईपीएस की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य और स्थान का नाम :** उत्तर रेलवे की अमृत स्टेशन योजना के संबंध में दिल्ली मंडल के मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन भवन और प्रकाश व्यवस्था का सुधार |
| 2. | **निविदा सूचना संख्या :** 16-DyCEE-GSU-DLI-24-25 |
| 3. | **बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) :** रु. 1,12,800/- |
| 4. | **लगभग काम की लागत :** रु. 56,41,962.65/- |
| 5. | **ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय अब :** दिनांक 15.05.2024 को आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदाएं अपलोड की हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 06.06.2024 को 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | **निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज पहले :** विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 21.05.2024 से 06.06.2024 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है । |

1449/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **(1) हरिया**, पुत्र रामस्वरूप, उम्र : 23 वर्ष, निवासी सी-606, पानी (टंकी) वाली झुग्गी, रघुबीर नगर, ख्याला, दिल्ली, **(2) रामस्वरूप उर्फ खुमा**, पुत्र भीमा, उम्र : 49 वर्ष, निवासी उपरोक्त (1) अनुसार, **(3) सोहन देवी**, उम्र : 42 वर्ष, निवासी उपरोक्त (1) अनुसार, **(4) मुकेश**, पुत्र नानक, उम्र : 29 वर्ष, निवासी सी-604, टंकी वाली झुग्गी, रघुबीर नगर, ख्याला, दिल्ली, **(5) रवि**, पुत्र नानक, उम्र : 25 वर्ष, निवासी उपरोक्त (4) अनुसार, **(6) रामफल**, पुत्र माधव, उम्र : 29 वर्ष, निवासी सी-602, टंकी वाली झुग्गी, रघुबीर नगर, ख्याला, दिल्ली, **(7) गुलाबी**, पुत्र माधव, उम्र : 27 वर्ष, निवासी उपरोक्त (6) अनुसार, **(8) रुखी**, पत्नी माधव, उम्र : 43 वर्ष, निवासी उपरोक्त (6) अनुसार, ने **एफआईआर संख्या 340/2021, दिनांक 14.04.2021, धारा 498/498ए/406/354 आईपीसी, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरिया, रामस्वरूप उर्फ खुमा, सोहन देवी, मुकेश, रवि, रामफल, गुलाबी** और **रुखी**, मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **हरिया, रामस्वरूप उर्फ खुमा, सोहन देवी, मुकेश, रवि, रामफल, गुलाबी** और **रुखी**, फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **हरिया, रामस्वरूप उर्फ खुमा, सोहन देवी, मुकेश, रवि, रामफल, गुलाबी** और **रुखी**, केस **एफआईआर संख्या 340/2021, दिनांक 14.04.2021, धारा 498/498ए/406/354 आईपीसी, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**शिवली तलवार,**
महानगर दण्डाधिकारी, महिला कोर्ट – 01,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5525/WD/2024
(Court Matter)

### शब्द पहेली - 5511




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पडोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5510 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |



# टी-20 विश्व कप में श्रीलंका ने बनाया है सर्वोच्च टीम स्कोर, तीसरे नंबर पर भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस बार 20 टीमों के बीच ये प्रतियोगिता खेली जानी है। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2007 में अपना इकलौता खिताब जीता था। इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। पिछले कुछ सालों में कई टीमों ने एक से बढ़कर एक स्कोर खड़े किए हैं। इस बीच टी-20 विश्व कप के सबसे बड़े टीम स्कोर पर एक नजर डालते हैं।

### श्रीलंका (260/6 बनाम केन्या, 2007)

टी-20 विश्व कप में सर्वोच्च टीम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है। श्रीलंकाई टीम ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में केन्या के खिलाफ 260/6 रन बनाए थे। उस मैच में सनथ जयसूर्या ने आतिशी अर्धशतक लगाया था और जेहान मुबारक ने सिर्फ 13 गेंदों में नाबाद 46* रन बनाए थे। मुकाबले में केन्या की टीम सिर्फ 88 रन पर सिमट गई थी। टूर्नामेंट के इतिहास में कोई अन्य टीम 250+ का स्कोर दर्ज नहीं कर पाई है।



### इंग्लैंड (230/8 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2016)

टी-20 विश्व कप मैच में 230 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली इंग्लैंड एकमात्र अन्य टीम है। इंग्लैंड ने 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 230 रनों का पीछा किया था। यह टूर्नामेंट में हासिल किया गया सबसे सफल लक्ष्य है। उस मुकाबले में जो रूट ने 83 रनों की पारी खेली थी। बता दें कि प्रोटियाज टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229/4 का स्कोर बनाया था। ये विश्व कप का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है।



### भारत (218/4 बनाम इंग्लैंड, 2007)

भारत और इंग्लैंड के बीच 2007 के टी-20 विश्व कप मुकाबले में युवराज सिंह ने एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे। युवराज ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये कारनामा कर दिखाया था। उस मुकाबले में युवराज ने सिर्फ 16 गेंदों पर 58 रन बनाए थे और भारत ने 20 ओवर में 218 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी थी।

## टी-20 विश्व कप में इन टीमों ने बनाए हैं सबसे कम स्कोर

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से होना है। आगामी संस्करण इसलिए भी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि इसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इन सभी टीमों को कुल 4 ग्रुप्स में बांटा गया है। ऐसे में कुछ नई टीमों के पास विश्व क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ने का मौका होगा। इस बीच टी-20 विश्व कप में सबसे कम टीम स्कोर के बारे में जानते हैं।

### नीदरलैंड (39 बनाम श्रीलंका, 2014)

नीदरलैंड क्रिकेट टीम के नाम पर टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर बनाने का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज है। ये इकलौती ऐसी टीम है, जो 40 रन से कम पर सिमट गई है। 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ डच टीम महज 39 रन पर ढेर हो गई थी। चटगांव में खेले गए मैच में एंजेलो मैथ्यूज और अजंता मेंडिस ने 3-3 विकेट लिए थे। श्रीलंकाई टीम ने केवल 5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था।

---

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1913 चौके

1105 छक्के

### लखनऊ को 19 रन से हराया, ईशांत को 3 विकेट, पोरेल-स्टब्स की फिफ्टी

# एलएसजी को हराने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभिषेक पोरेल (58) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 57) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अनुभवी इशांत शर्मा (34 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से हराने के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की धुंधली उम्मीदें बरकरार रखी है। दिल्ली की 14 मैचों में यह सातवीं जीत है। टीम 14 अंक के साथ तालिका में माइनस 0.377 के नेट रन रेट के साथ पांचवें वें स्थान पर है। तालिका में तीसरे और चौथे स्थान की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (0.528) और सनराइजर्स हैदराबाद (0.406) की टीम काफी बेहतर स्थिति में है। एलएसजी की 13 मैचों में यह सातवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। एलएसजी को अपना आखिरी मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। टीम का नेट रन रेट काफी खराब (माइनस 0.787) है ऐसे में मुंबई में जीत के बाद भी उसके लिए प्लेऑफ में पहुंचना लगभग नामुमकिन होगा। दिल्ली ने चार विकेट पर 208 रन बनाने के बाद एलएसजी की पारी को नौ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। दिल्ली के लिए मैन ऑफ द मैच इशांत शर्मा ने तीन जबकि कुलदीप यादव, खलील अहमद, ट्रिस्टन स्टब्स और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लिये। एलएसजी के लिए निकोल्स पूरन ने 27 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 61 रन बनाये। अरशद खान ने आखिरी ओवर में 33 गेंद में नाबाद 58 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाकर दिल्ली के नेट रन रेट में बड़ा सुधार करने की उम्मीदों को धक्का पहुंचाया। पोरेल ने 33 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 58 जबकि स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 57 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में चार छक्के और तीन चौके जड़े। शुरुआती ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले पोरेल ने दूसरे विकेट के लिए शाई होप (38) के साथ 49 गेंद में 92 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलायी। होप ने 27 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। एलएसजी के लिए रवि बिश्नोई ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। नवीन उल हक को दो जबकि अरशद खान को एक सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। नवीन ने चार ओवर में 51 तो वहीं अरशद ने तीन ओवर में 45 रन लुटाये। लक्ष्य का बचाव करते हुए इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे इशांत शर्मा ने अपने शुरुआत तीन ओवरों में कप्तान लोकेश राहुल (तीन गेंद में पांच रन), क्विंटन डिकॉक (आठ गेंद में 12रन) और दीपक हुड्डा (शून्य) को आउट कर दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलायी।





### राजस्थान और पंजाब में आज दूसरी भिड़ंत

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 15 मई को होगा। आरआर ने अपने 12 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में हार झेली है। वहीं पंजाब किंग्स अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 4 में जीत दर्ज की है और 8 में शिकस्त झेली है। इन दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन बड़े ही रोमांचक रहे हैं। पंजाब किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 27 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पीबीकेएस को 11 मैच में जीत मिली है, जबकि आरआर ने 16 मुकाबले जीते हैं। आईपीएल 2024 की पहली भिड़ंत में आरआर ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीम के बीच 2 मुकाबले खेले गए थे। एक मैच को पंजाक किंग्स ने अपने नाम किया था और 1 मुकाबला आरआर ने जीता था।

**खास खबर**

## टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में धोनी टॉप पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून को होगा। टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इस बार टी-20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने साल 2022 का टी-20 विश्व कप जीता था। वह एक बार फिर इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। आपको बता दें कि टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर हैं।

### एमएस धोनी 529 रन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तान के तौर पर टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को साल 2007 का विश्व कप भी दिलाया था। यह टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके बाद भारतीय टीम एक भी टी-20 विश्व कप नहीं जीत पाई है। कप्तान के तौर पर उनके बल्ले से 33 मैच में 529 रन निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा है।

### केन विलियमसन : 517 रन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन इस मामले में दूसरे स्थान पर हैं। विलियमसन ने टी-20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनके बल्ले से कप्तान के तौर पर 17 टी-20 मुकाबलों में 34.46 की औसत से 517 रन निकले हैं। उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए हैं। विलियमसन साल 2024 में भी न्यूजीलैंड की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।

### बाबर आजम : 427 रन

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने टी-20 विश्व कप में 35.58 की औसत से 13 मुकाबलों में 427 रन बनाए हैं। वह साल 2021 और 2022 के टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की कप्तानी कर चुके हैं। एक बार फिर वह साल 2024 के विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### मेइराबा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक।** भारत के मेइराबा मेसनाम ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले मणिपुर के 21 साल के मेइराबा ने हमवतन शाश्वत दलाल को 15-21 21-14 21-16 से हराने के बाद मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-19 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बुधवार को मुख्य ड्रॉ में उनकी भिड़ंत हमवतन भारतीय और पांचवें वरीय एचएस प्रणय से होगी। पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हिस्सा ले रहे चार अन्य भारतीय एस शंकर मुथुसामी, आयुष शेट्टी, कार्तिकेय गुलशन कुमार और रवि हार के कारण मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### गौरव सेमीफाइनल में शिवा हारकर बाहर

**अस्ताना।** भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4.1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैम्पियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0.5 से हारकर बाहर हो गए।




### द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से नौ जुलाई तक भारत दौरा करके एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। वनडे मैच बेंगलुरू में और टेस्ट तथा टी20 मैच चेन्नई में खेले जायेंगे। श्रृंखला की शुरूआत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 13 जून को अभ्यास मैच के साथ होगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका का सामना बोर्ड अध्यक्ष एकादश से होगा। वनडे मैच आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022 . 2025 का हिस्सा हैं। वनडे मैच दोपहर 1. 30 पर और टी20 शाम सात बजे शुरू होंगे।

## बीसीसीआई का बड़ा फैसला अब दो फेज में खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी का सीजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट में महत्वपूर्ण बदलाव किया हैं। दरअसल आने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन को दो अलग-अलग फेजों में खेला जाएगा।

जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने यह निर्णय खिलाड़ियों के वर्कलोड को कम करने के लिए लिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि "मैचों के बीच गैप को बढ़ाकर, खिलाड़ियों को पूरे सीजन में खेलने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा और वे अपनी स्थिति को सुधार सकेंगे।

### इस तरह होंगे दो फेज में रणजी के मैच

नए नियम के अनुसार अब आने वाले रणजी ट्रॉफी के सीजन से हर टीम को अपने पहले पांच-पांच लीग मैच खेलने होंगे। पांच लीग मैच हो जाने के बाद, टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेलना होगी। इन दोनों ट्रॉफी के बाद टीम फिर से, रणजी ट्रॉफी में शेष लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले खेलेगी।



### एक और बड़ा बदलाव किया गया

*दरअसल सीके नायडू (अंडर-23) ट्रॉफी में टॉस की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार अब मैच की शुरुआत से पहले ही, मेहमान टीम को चुनाव के लिए अधिकार दिया जाएगा कि वे पहले बैटिंग करना चाहेंगे या फिर फील्डिंग। इसके साथ ही, सीके नायडू ट्रॉफी में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, जिसमें नया प्वाइंट सिस्टम शामिल होगा। इसके अनुसार, जब पहली पारी खेली जाएगी, तो बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, पहली पारी में बढ़त या जीत हासिल करने पर भी अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे ताकि बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया जा सके।*

### नए नियम को लेकर बोले जय शाह

दरअसल इस विषय पर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक बयान दिया है। जय शाह ने बताया कि "घरेलू क्रिकेट का सीजन दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के साथ आरंभ होगा, जिसमें चार टीमें शामिल होंगी जिन्हें नेशनल सेलेक्टर्स द्वारा चुना जाएगा। इसके बाद, ईरानी कप टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी और ईरानी कप के पश्चात, रणजी ट्रॉफी के पहले पांच लीग मैच खेले जाएंगे। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट और विजय हजारे ट्रॉफी के बाद, रणजी ट्रॉफी के शेष दो लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले होंगे।"

## फुटबॉल में येलो व रेड कार्डों से अलग होगी खिलाड़ियों को ब्लू कार्ड से दी जाने वाली सजा

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के लिए नियम बनाने वाली संस्था इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड इस खेल में कुछ नया करने जा रही है। आपने येलो कार्ड और रेड कार्ड के बारे में तो सुना होगा, लेकिन अब फुटबॉल में खिलाड़ियों को ब्लू कार्ड भी दिखाया जाएगा। यह येलो और रेड कार्डों से अलग एक खिलाड़ियों को दी जाने वाली अनूठी चेतावनी होगी। इसका उपयोग पहली बार मेक्सिको में साल 1970 के फीफा विश्व कप में किया गया था।


### क्या है ब्लू कार्ड के नियम?

ब्लू कार्ड का उपयोग खिलाड़ियों की असहमति और नाराजगी जताने पर दिया जाएगा। अगर खिलाड़ी मैच में गुस्सा होता है या रेफरी के फैसले से असहमति जताता है तो रेफरी उन्हें ब्लू कार्ड दिखा सकते हैं। इससे खिलाड़ी 10 मिनट तक खेल से बाहर हो जाएगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रायल कब शुरू होगा और इसमें कौन-कौन सी प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। प्रीमियर लीग ने इस तरह के किसी भी ट्रायल का हिस्सा बनने से मना कर दिया है।

## आईपीएल के इतिहास में भुवनेश्वर-प्रवीण सबसे अधिक मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 संस्करण अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। अब सभी टीमों की नजर प्लेऑफ पर टिक गई है। संस्करण के शुरुआती चरण में जहां बल्लेबाजों का दबदबा रहा, वहीं दूसरे चरण में गेंदबाजों के प्रभाव से स्कोरिंग दर कम रही। टी-20 क्रिकेट में डॉट गेंद निकालना अपने आप में बड़ी बात समझी जाती है। वैसे तो आईपीएल के इतिहास में कई गेंदबाज ऐसे हैं जिन्होंने 10 या उससे अधिक मेडन ओवर फेंके हैं लेकिन इन सबमें सबसे टॉप पर भुवनेश्वर कुमार हैं।




### भुवनेश्वर कुमार (14 मेडन)

सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल में 14 मेडन ओवर फेंके हैं। उन्होंने 173 मैच खेलकर 7.51 की इकोनॉमी से 181 विकेट भी चटकाए हैं। तेज गेंदबाज दो बार पर्पल कैप पर भी कब्जा जमा चुके हैं। शुरुआती ओवर में उनके 27 आईपीएल विकेटों की संख्या किसी भी गेंदबाज के लिए संयुक्त रूप से सबसे अधिक है। वह इस मामले में बोल्ट के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।



### प्रवीण कुमार (14 मेडन)

गेंद को दोनों तरफ घुमाने वाले पूर्व भारतीय गेंदबाज प्रवीण कुमार भी इस सूची में शीर्ष पर हैं। प्रवीण ने अपने 119 मैचों के आईपीएल करियर में कुल 14 ओवर मेडन फेंके हैं। उन्होंने 7.72 की इकॉनमी से 90 विकेट भी चटकाए हैं। मध्यम गति के गेंदबाज ने हर तरह की पिच पर गेंदों को लहराकर कई दिग्गज बल्लेबाजों को परेशान कर रखा था। उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मुकाबला साल 2017 में खेला था।

### टी-20 विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित

# नजमुल हुसैन करेंगे बांग्लादेश की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| ढाका

आगामी 1 जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश क्रिकेट टीम घोषित की गई है। नजमुल हुसैन शांतो को टीम का कप्तान बनाया गया है। शांतो के नेतृत्व वाली 15 सदस्यीय टीम में अनुभवी ऑलराउंडर महमूदुल्लाह को भी जगह मिली है उन्हें विश्व कप के पिछले संस्करण में नहीं चुना गया था। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया है। टी-20 विश्व कप 2024 के लिए बांग्लादेश की टीम को ग्रुप-डी में रखा गया है। बांग्लादेश अपने अभियान की शुरुआत 7 जून को श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले से करेगी।



### महमूदुल्लाह को भी मिला मौका

महमूदुल्लाह हाल ही में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी खेलते हुए नजर आए थे। वह 2007 से 2021 के बीच 7 संस्करण में बांग्लादेश की टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 30 मैचों में 110.67 की स्ट्राइक रेट के साथ 363 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 अर्धशतक रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 7.10 की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं।

### बांग्लादेश ने टीम में चुने हैं अनुभवी खिलाड़ी

बांग्लादेश की टीम में महमूदुल्लाह के अलावा शाकिब अल हसन, सौम्य सरकार, मुस्तफिजुर रहमान और लिटन दास जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को चुना गया है। मुस्तफिजुर बांग्लादेश की तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। अनुभवी शाकिब के अलावा मेहदी हसन, तनवीर इस्लाम और रिशाद हुसैन के रूप में 3 विशेषज्ञ स्पिन गेंदबाजी विकल्पों पर भरोसा जताया है। हसन महमूद और अफीफ हुसैन को ट्रेवलिंग रिजर्व के रूप में नामित किया गया है।

### ऐसी है बांग्लादेश की टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजीम हसन तमीम, लिटन दास, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, सौम्य सरकार, जाकिर अली, मेहदी हसन, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम और तंजीद हसन साकिब।







**आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के तहत**

# अब चीन सीमा से सटे इलाकों में खुलेंगे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, पूर्व सैनिक करेंगे केंद्रों का संचालन

1. एवोकाडो, संतरे, कीवी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा
2. पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, पुनर्वास सहित कई मुद्दों पर की चर्चा
3. उद्यमिता मॉडल के लिए उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम लोगों तक जन औषधि केंद्र के जरिए लोगों को सस्ती और उपयोगी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में अब सीमा क्षेत्रों में भी जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है। केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, जिनका संचालन पूर्व सैनिक करेंगे।

इसी सिलसिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने चीन सीमा पर सिक्किम से लगे क्षेत्रों का दौरा करके पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले को पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

### विभिन्न प्रतिष्ठानों का किया दौरा

*भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने भारतीय सेना के 17 माउंट डिवीजन का दौरा किया और जीओसी मेजर जनरल अमित कबथियाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सचिव ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, स्पर्श सुविधा केंद्र व सेवानिवृत्त सैनिक सुविधा केंद्र सहित विभिन्न रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करके उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत करके पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल व उनके पुनर्वास सहित अन्य मुद्दों के बारे में पूछताछ की। समाधान अभियान के तहत पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया, जहां उनसे संबंधित कई मुद्दों पर उन्हें सहायता प्रदान की गई।*



### सामान्य सेवा केंद्रों का भी संचालन करेंगे पूर्व सैनिक

*पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा ने सोमवार भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के एक हिस्से के तहत सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राज्य सैनिक बोर्ड और जिला सैनिक बोर्डों को पूरे क्षेत्र में सामान्य सेवा केंद्र और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. नितेन चंद्रा ने बताया कि सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में खुलने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन पूर्व सैनिक करेंगे।*





### स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा

डॉ. नितेन चंद्रा ने गंगटोक में सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक से मुलाकात करके पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा की। इस बैठक के दौरान चर्चा की गई कि राज्य बागवानी विभाग की सहायता से पूर्व सैनिकों के सहकारी समूहों को क्षेत्र में एवोकाडो, संतरे, कीवी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। महानिदेशक (पुनर्वास) मेजर जनरल एसबीके सिंह ने पूर्व सैनिकों के कौशल व दक्षताओं को बढ़ाने और उनके पुनर्वास के लिए उद्यमिता मॉडल के लिए उपलब्ध विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का बड़ा खुलासा

# भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए पीएम ने दोनों देश के नेताओं से बात की थी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को मुंबई में मीडिया हाउस के संपादकों से बातचीत में बताया कि दो साल पहले रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित किया था कि युद्ध प्रभावित इलाकों में से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला जा सके। जयशंकर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खार्किव और सुमी से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए पुतिन को दो बार और जेलेंस्की को एक बार कॉल किया था। पीएम मोदी ने पुतिन से पूछा कि आप सुरक्षित क्षेत्र पर कैसे फायरिंग की सकते हैं।

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बताया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित किया था कि युद्ध प्रभावित इलाकों में से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला जा सके।*

**खार्किव से छात्रों को निकालने में पुतिन को फोन कर रुकवाई थी फायरिंग**

**सुमी शहर से छात्रों को निकालने में पुतिन को दो बार और जेलेंस्की को एक बार कॉल किया था**

**दिल्ली से भेजे थे दो रूसी वॉलंटियर्स**

### केन्या में बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी राहत सामग्री

केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने केन्या में बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता सामग्री भेजने को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 40 टन दवाओं, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य उपकरणों से युक्त एचएडीआर सामग्री का दूसरा हिस्सा केन्या के लिए रवाना हो गया है। भारत एक एतिहासिक साझेदारी के लिए खड़ा है।

### सुमी ऑपरेशन बड़ा और कठिन था

*जयशंकर ने बताया कि सुमी ऑपरेशन बड़ा ऑपरेशन था। सुमी शहर में हमने बसें भेजीं। हमें पता था कि छात्र निकल जाएंगे और उस दौरान कोई फायरिंग नहीं होगी। जैसे ही छात्र बस में चढ़े, फायरिंग शुरू हो गई। रूस ने कहा कि यूक्रेन ने फायरिंग शुरू की है और यूक्रेन ने कहा कि रूस ने फायरिंग शुरू की है। तो हमारे छात्र वापस चले गए। इसके बाद हमने दिल्ली से दो रूसी वॉलंटियर्स भेजे। इन वॉलंटियर्स ने कहा कि वे छात्रों से मिलेंगे और उन्हें बाहर निकालेंगे। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने पुतिन और जेलेंस्की दोनों को फोन किया और उन्हें बताया कि हमने ये रास्ता बनाया है और उन्हें छात्रों को वहां से निकालना है।*

### सुरक्षित क्षेत्र बनाया था

जयशंकर ने कहा कि खार्किव वाले घटनाक्रम में छात्रों ने सुरक्षित जगह पहुंचना शुरू कर दिया, लेकिन तभी किसी गलतफहमी की वजह से रूसी सेना ने उस जगह पर फायरिंग शुरू कर दी। तब पीएम मोदी ने पुतिन को फोन किया और उन्हें बताया कि हमारे लोगों ने एक सुरक्षित क्षेत्र जोन बनाया है और मोदी ने पुतिन से पूछा कि आप सुरक्षित क्षेत्र पर फायर कैसे कर सकते हैं। इसके बाद पुतिन ने कहा कि इसे लेकर वे कुछ करेंगे। दो-तीन घंटे बाद हमें मैसेज मिला कि फायरिंग रुक गई है।

### रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे

*बता दें, फरवरी 2024 में रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे हो गए। अमेरिका के आंकड़ों के मुताबिक जंग में अब तक रूस के 1 लाख 20 हजार और यूक्रेन के 42 हजार सैनिक मारे जा चुके हैं। यूक्रेन के पांच बड़े शहरों पर रूस का कब्जा है।*

**इजराइल-हमास युद्ध पर यूएन में भारत बोला**

# दोनों सभी अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय कानून का करें सम्मान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने इजराइल और हमास के बीच के चल रहे युद्ध में संघर्ष कर रहे नागरिकों और उनकी मौत की कड़ी निंदा की। यूएन में भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि यह संकट अस्वीकार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने फिलिस्तीन पर 10वें यूएनजीए आपातकालीन सत्र में पहुंची। उन्होंने कहा कि इजराइल और हमास के बीच के संघर्ष के कारण जान-माल की हानि हुई। विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं की हानि हुई। यह मानवीय संकट बिल्कुल अस्वीकार है। उन्होंने कहा कि इस बीच में संघर्ष कर रहे नागरिकों की मौत की हम कड़ी निंदा करते हैं।

### हमास का हमला निंदनीय

रुचिरा कंबोज ने कहा कि इजराइल पर हमास का हमला भी निंदनीय है। आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य ही नहीं है। इजराइल में आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे। भारत हमेशा से ही आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत सभी बंधकों की रिहाई मांग करता है, वह भी बिना शर्त। उन्होंने बताया कि गाजा में मानवीय स्थिति गंभीर है। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए गाजा के लोगों को मानवीय सहायता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र लगातार इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।




### डिजिटल अरेस्ट करने वाले 1000 ठगों की ब्लॉक की स्काइप आईडी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में तेजी से बढ़ी रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। इसके अलावा इस तरह के स्कैम में शामिल कई हजार सिम कार्ड भी ब्लॉक हुए हैं। सरकार ने इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की ओर से की गई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी साइबर अपराध से निपटने में समन्वयक का काम करता है। आई4सी ने माइक्रोसॉफ्ट की मदद से ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में स्काइप का ही इस्तेमाल किया गया है।

### सभी कंपनियों को कॉल के साथ नाम दिखाना जरूरी

**नई दिल्ली।** मोबाइल पर दिनभर में आने वाले बैंकिंग फ्रॉड काल्स पर सरकार ने पूरी तरह से रोक लगाने की तैयारी कर ली है। सरकार की नई गाइडलाइन बहुत ही सख्त होगी। इससे फर्जी स्पैम कॉल पर रोक लग सकेगी। इसी वर्ष की शुरुआत में डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने स्पैम कॉल्स को रोकने के लिए एक समिति बनाई थी। इस कमेटी ने स्पैम कॉल्स को कंट्रोल करने के लिए नए दिशानिर्देश को लेकर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। 10 मई को लेकर एक बैठक भी हुई। समिति ने नए नियम को लेकर विस्तृत चर्चा कर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अब विभाग कीअंतिम मुहर लगना बाकी है।




## कल से उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी करेगी फिर बेहाल

# देश के कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

### मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की, बारिश की भी गतिविधियां चलेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन अब फिर से गर्मी की तपिश बढ़ने की आशंका है।

भारतीय मौसम विभाग ने 16 मई से उत्तर-पश्चिम भारत में फिर से हीटवेव का दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में उष्ण लहर की संभावना है।



### गरज-चमक के साथ बारिश की भी संभावना

आईएमडी के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में 15 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश की गतिविधियां चालू रहेंगी। हालांकि, उसके बाद उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम का मिजाज फिर से बदलने की उम्मीद है क्योंकि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार के अधिकांश हिस्सों, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और विदर्भ का मौसम लगभग शुष्क हो सकता है और इन क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है।

**पूर्वी और मध्य भारत में चलेंगी धूलभरी आंधियां**

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में 17 मई तक तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्वी और मध्य भारत के कुछ इलाकों में आज धूल भरी आंधी चलने की आशंका है। इसके अलावा आज मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

### कहीं भारी बारिश तो कहीं गरज के साथ पड़ेंगी बौछारें

अगले 24 घंटे के दौरान, दक्षिणी ओडिशा, आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ कुछ भारी बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिमालय सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की छिटपुट बारिश हो सकती है। इसके अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। पूर्वी गुजरात में छिटपुट बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109